जबलपुर, रविवार
दिनांक 08 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 251
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की'

4 जिला जेल में कई कार्यक्रम...
5 राधारानी के साथ नाचीं कैबिनेट...
7 दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फिर...
11 प्रदेश में बन रहा है इलेक्ट्रिक...

# भीषण बमवारी...आज की रात भारी

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी चेतावनीः ईरान पर होगा सबसे बड़ा हमला

*मिडिल ईस्ट में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है, वहीं ईरान भी जवाबी हमले कर रहा है। इस बीच अमेरिका ने बड़ा संकेत देते हुए कहा है कि आने वाली रात में ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इस अभियान का मकसद ईरान की सैन्य ताकत को कमजोर करना है। हालात ऐसे बन गए हैं कि पूरी दुनिया की नजर इस जंग पर टिकी हुई है और हर नया बयान इस संघर्ष को और गंभीर बना रहा है।*



वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर आज सबसे बड़ा हमला करने का ऐलान किया है। हालांकि, साथ ही वो ये भी कह रहे हैं कि ईरान ने आत्मसमर्पण कर दिया है और वो हार गया है। ट्रंप ने ये भी धमकी दी है कि आज के हमले में वो ईरान में उन जगहों पर भी हमले करेंगे, जहां पहले सोचा भी नहीं गया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा है– ईरान, जो बुरी तरह हार रहा है, उसने अपने मध्य पूर्वी पड़ोसियों से माफी मांगते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है और वादा किया है कि वह अब उन पर हमला नहीं करेगा। यह वादा अमेरिका और इजरायल के लगातार हमलों के कारण ही किया गया है। वे मध्य पूर्व पर कब्जा करके शासन करना चाहते थे। हजारों वर्षों में यह पहली बार है कि ईरान अपने पड़ोसी मध्य पूर्वी देशों से हारा है। मीडिल ईस्ट देशों ने कहा है, 'थैंक्यू राष्ट्रपति ट्रंप।' मैंने कहा है, 'आपका स्वागत है!' ईरान अब 'मध्य पूर्व का दादा' नहीं रहा, बल्कि 'मध्य पूर्व का हारा हुआ' है, और कई दशकों तक ऐसा ही रहेगा, जब तक कि वह आत्मसमर्पण नहीं कर देता या, अधिक संभावना है, पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हो जाता! आज ईरान पर बहुत बड़ा हमला किया जाएगा! ईरान के खराब व्यवहार के कारण, उन क्षेत्रों और लोगों पर भी हमला हो सकता है, जहां अब तक हमला नहीं किया गया था जिन्हें अब तक निशाना बनाने के बारे में सोचा भी नहीं गया था। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप।

### क्या सच में ईरान ने मांगी माफी

ट्रंप ने ये पोस्ट तब किया जब ईरान के राष्ट्रपति ने शनिवार को क्षेत्रीय देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी। हालांकि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की आत्मसमर्पण की मांग को भी खारिज कर दिया। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की देखरेख कर रही त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य हैं।

### अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के आज आठवें दिन ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे डिफेंस सिस्टम का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि उसके रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए तक होती है।




## टी-20 विश्व कप फाइनल
# आज होगी खिताबी जंग

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम जहां अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने उतरेगी तो वहीं, न्यूजीलैंड की नजरें पहली बार ट्रॉफी अपने नाम करने पर टिकी होंगी। भारत ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है, जबकि यह दूसरा मौका है जब कीवी टीम इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप शुरू होने से ठीक पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज हुई थी। भारत का प्रदर्शन उस सीरीज में काफी शानदार रहा था और टीम ने कीवियों को 4-1 से मात दी थी। मौजूदा टी20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका ने की। भारत ने अपने सात मैच घरेलू जमीन पर खेले, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसका मुकाबला कोलंबो में हुआ। वहीं, न्यूजीलैंड ने पांच मैच में भारत में और तीन मुकाबले श्रीलंका में खेले। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप का मैच खेल चुकी हैं। भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर अब तक दो मुकाबले खेले। ग्रुप चरण में टीम ने नीदरलैंड को हराया, जबकि सुपर आठ में उसे इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से हार मिली। न्यूजीलैंड की बात करें तो टीम ने अहमदाबाद में एक मुकाबला खेला। ग्रुप चरण में उसे इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के हाथों सात विकेट से हार मिली थी। (पेज 10 भी देखें)

### नेपालः भारत विरोधी नेता केपी ओली की हार



**काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव की मतगणना में 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है। उन्होंने झापा-5 सीट से 2017 और 2022 का चुनाव जीता था।

### प्रयागराजः यमुना नदी पर बनेगा आधुनिक रेलवे पुल


**प्रयागराज।** संगम नगरी में रेल यातायात की सुगमता और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए भारतीय रेलवे ने एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए प्रयागराज में यमुना नदी पर एक नया रेल पुल बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह पुल न केवल यातायात को गति देगा, बल्कि आधुनिक इंजीनियरिंग का एक बेजोड़ नमूना भी होगा।

### 130 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक के मुताबिक कुल 130 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। समर्पण करने वालों में 4 सदस्य तेलंगाना से और 1 सदस्य आंध्र प्रदेश से संबंधित है। आत्मसमर्पण करने वालों में 3 राज्य समिति सदस्य, 1 क्षेत्रीय समिति सदस्य, 10 मंडल समिति सदस्य, 46 क्षेत्र समिति सदस्य और 70 पार्टी सदस्य शामिल थे। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने पुलिस को 124 हथियार सौंपे हैं।

## कान्हा से सतपुड़ा भेजे गए 8 बारहसिंगा

मंडला (स्वतंत्र मत)



मंडला के कान्हा नेशनल पार्क से 8 बारहसिंगा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजे गए हैं। शनिवार को इन्हें सरही परिक्षेत्र के सौंफ मैदान से विशेष वाहन द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के लिए रवाना किया गया। कान्हा से सतपुड़ा में बारहसिंगा के स्थानांतरण का यह नवीनतम चरण है। इससे पहले भी कान्हा से 127 बारहसिंगा सतपुड़ा भेजे जा चुके हैं। बारहसिंगा विश्व की अति संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है। एक समय ऐसा था जब कड़ी भूमि के बारहसिंगा केवल कान्हा नेशनल पार्क में ही बचे थे। अब तक कान्हा से बारहसिंगा को बांधवगढ़, सतपुड़ा और वन विहार जैसे अन्य पार्कों में स्थानांतरित किया जा चुका है। इसके पूर्व बांधवगढ़ में कुल 48 बारहसिंगा स्थानांतरित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कान्हा से लगभग 7 बारहसिंगा वन विहार में भी भेजे जा चुके हैं।

## बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में टीएमसी

नई दिल्ली

विपक्ष ने बजट सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। इस नोटिस पर कांग्रेस, डीएमके, सपा समेत करीब 118 सांसदों के साइन हैं। उस समय टीएमसी सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। लेकिन अब टीएमसी ने यूटर्न ले लिया है। टीएमसी के 2 सांसदों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए कहा है। इससे पहले टीएमसी सांसदों ने स्पीकर को हटाने के नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। तब टीएमसी ने कहा था कि सीधे




अविश्वास प्रस्ताव देने की बजाय पहले स्पीकर को पत्र लिखकर तीन दिनों का समय देना चाहिए। बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी हफ्ते में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने को लेकर नोटिस दिया था, जिस पर सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन चर्चा होगी, अब विपक्षी एकजुटता के मद्देनजर टीएमसी ने भी अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का फैसला किया है। अब टीएमसी लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस का साथ देगी। बता दें, अभी लोकसभा में टीएमसी के 28 सांसद और राज्यसभा में 12 सदस्य हैं। इससे पहले लोकसभा में टीएमसी के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा था– पार्टी नोटिस के माध्यम से अपनी ताकत का प्रदर्शन नहीं करना चाहती। वह अधिक सहिष्णु होने में विश्वास करते हैं। टीएमसी ने कहा था कि वह स्पीकर को मुद्दों पर विचार करने के लिए समय देना चाहते हैं। और वह इंतजार करेंगे।

# ट्रंप इंडिया के पीएम को और मोदी केरल के सीएम को करते हैं कंट्रोल

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को फिर एक बार देश के साथ धोखा बताया है। उनका मानना है कि इस ट्रेड से देश के किसानों और छोटे व्यापारियों को नुकसान होगा। केरल में पुथुयुग यात्रा के समापन समारोह में राहुल गांधी ने कहा, 'जैसे ट्रंप पीएम मोदी को कंट्रोल करते हैं, ठीक वैसे ही पीएम मोदी केरल के मुख्यमंत्री को कंट्रोल करते हैं। यह बात सब जानते हैं। अगर आप गंभीरता से सीपीएम कार्यकर्ताओं से यह सवाल पूछेंगे तो वे मानेंगे कि मैं जो कह रहा हूं, वह सही है।' राहुल गांधी ने आगे कहा, 'मैं समझना चाहता हूं कि सीबीआई और ईडी विपक्षी नेताओं के खिलाफ एक्शन लेती है, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री या नेताओं के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं लेती।' राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को निराश किया है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका से डील साइन करके देश के साथ धोखा किया है। उनसे पहले किसी भी पीएम ने देश के कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए नहीं खोला। इस डील के परिणाम किसानों और छोटे व्यापारियों और आम लोगों को भुगतने होंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि भारत के छोटे किसानों को अब अमेरिका की बड़ी मशीनीकृत खेती की कंपनियों से मुकाबला करना होगा। इससे देश के कृषि क्षेत्र में तबाही आएगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर देश के एनर्जी सेक्टर को कॉम्प्रोमाइज करने का आरोप लगाया और दावा किया कि अमेरिकी



केरल में पुथुयुग यात्रा के समापन समारोह में बोले राहुल गांधी

राष्ट्रपति ने इस डील के माध्यम से भारतीय डेटा निकाला था। अपने भाषण में राहुल गांधी ने क्रिकेटर संजू सैमसन का जिक्र किया और कहा कि यह जानकर अच्छा लगा कि टी 20 वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल में खेलने वाले स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन तिरुवनंतपुरम से हैं।

### कॉर्पोरेटिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया हो सीपीआई का नाम

राहुल गांधी ने सीपीआई पर हमला बोला। उन्होंने लेफ्ट फ्रंट के कार्यकर्ताओं से सवाल पूछा कि आप खुद को कम्युनिस्ट सरकार कहते हैं। कृपया मुझे बताएं कि आज केरल में आपकी सरकार में कम्युनिस्ट क्या है? यह केरल की अब तक की सबसे कॉर्पोरेटिस्ट सरकार है। हमारा सुझाव है कि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का नाम बदलकर कॉर्पोरेटिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया कर दें। कम से कम आप जो कहते हैं, उस पर तो खड़े रहें।

### अगर राजनीति में नहीं होता तो...

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अगर वह राजनीति में नहीं होते तो संभवतः एयरोस्पेस क्षेत्र में उद्यमिता कर रहे होते। उन्होंने कहा कि कई लोग उन्हें केवल एक राजनेता के रूप में देखते हैं, लेकिन उनकी रुचि कई अन्य क्षेत्रों में भी है। उन्होंने कहा अगर मैं किसी राजनीतिक संगठन के लिए काम नहीं कर रहा होता तो शायद एयरोस्पेस क्षेत्र में उद्यमिता कर रहा होता। मैं खुद एक पायलट हूं। मेरे पिता और मेरे चाचा भी पायलट रहे हैं, इसलिए इस क्षेत्र से हमारा थोड़ा जुड़ाव रहा है।

## रंग-गुलाल फैक्टरी में आग 5 महिलाओं की मौत

**जींद।** हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। घटना सफीदों की भाट कॉलोनी की है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय फैक्ट्री के अंदर करीब 30 मजदूर काम कर रहे थे। मजदूरों का आरोप है कि मुख्य गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था, जिसकी वजह से वे अंदर फंस गए। आग तेजी से फैल गई और चारों तरफ सिर्फ धुआं और लपटें ही दिख रही थीं। बाहर के लोगों ने बहुत मेहनत करके दरवाजा तोड़ा, तब जाकर मजदूरों को बाहर निकाला जा सका। झुलसे हुए मजदूरों को पहले सफीदों के अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई गंभीर मरीजों को पानीपत के बड़े अस्पताल रेफर किया गया है। उनका इलाज अभी चल रहा है।



# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये महंगा

**कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की वृद्धि**

नई दिल्ली

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में शनिवार, 7 मार्च से बढ़ोतरी कर दी गई है। देश भर में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में



60 रुपये की वृद्धि हुई है। इसी तरह, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी इसी तारीख से 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। मुंबई में घरेलू सिलेंडर की नई दर अब 912.50 रुपये है, जो पहले 852.50 रुपये था। जबकि चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये हो गई है। मध्य प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो अब भोपाल में 918 रुपए, इंदौर में 941 रुपए, ग्वालियर में 996 रुपए, जबलपुर में 919 रुपए और उज्जैन में 972 रुपए में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा। ये संशोधित दरें आज से ही प्रभावी हो गई हैं। व्यवसायों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1768.50 रुपये से बढ़कर 1883 रुपये हो गई है। मुंबई में यह 1720.50 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो गई है। कोलकाता में 1875.50 रुपये से बढ़कर 1990 रुपये और चेन्नई में 1929 रुपये से बढ़कर 2043.50 रुपये हो गई है। इससे पहले, अप्रैल 2025 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। यह ताजा संशोधन घरेलू उपभोक्ताओं और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए एक बड़ी वृद्धि है।

# इतिहास से भूगोल तक: एनसीईआरटी ने काफी कुछ बदला

**सामाजिक विज्ञान की चार किताबें अब दो भागों में**

**इतिहास में हड़प्पा सभ्यता भक्ति परंपरा पर जोर**

**भूगोल में इसरो के भुवन प्लेटफॉर्म का उपयोग होगा**

### सत्र 2026-27 के लिए सिलेबस में हुए बदलाव




मेरठ

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के आधार पर जारी कक्षा नौवीं के संशोधित पाठ्यक्रम में सामाजिक विज्ञान की चार पारंपरिक किताबों को दो भागों में समाहित कर दिया गया है। सामाजिक विज्ञान में अब पारंपरिक चार पुस्तकों- इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र और अर्थशास्त्र को मिलाकर दो भागों में पढ़ाया जाएगा। कुल 16 अध्याय निर्धारित किए गए हैं। इनमें इतिहास, भूगोल व अर्थशास्त्र के चार-चार अध्याय और सिविक्स के तीन अध्याय होंगे। एक चैप्टर 'अंडरस्टैंडिंग सोशल साइंस इन जनरल फार ऐन इंडियन पर्सपेक्टिव' नया शामिल किया है। यह पूरा पाठ्यक्रम कुल 125 घंटों का रहेगा। इतिहास में प्राचीन और मध्यकालीन भारत (1200 ईस्वी तक) पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें हड़प्पाकालीन सभ्यता, प्रारंभिक समाज और भक्ति परंपरा जैसे विषय शामिल होंगे। पहले यह हिस्सा कक्षा 12वीं में पढ़ाया जाता था। सत्र 2026-27 में लागू किए जा रहे इस बदलाव में राजनीति विज्ञान में न्याय, सत्ता और चुनाव जैसे उच्च स्तर के विषय शामिल किए गए हैं, जो पहले कक्षा नौवीं में नहीं बल्कि सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं में पढ़ाए जाते थे। कक्षा नौ में वर्तमान में फ्रांसीसी क्रांति, यूरोप में समाजवाद और रूसी क्रांति, नात्सीवाद और हिटलर का उदय, वन्य समाज और उपनिवेशवाद और आधुनिक विश्व में चरवाहे जैसे चैप्टर शामिल हैं। वहीं अर्थशास्त्र में वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को आयकर, बजट, फिक्स्ड डिपाजिट, शेयर और म्यूचुअल फंड जैसी व्यावहारिक अवधारणाओं से परिचित कराया जाएगा। इसमें मेक इन इंडिया पहल और देश के सफल उद्यमियों के बारे में भी विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। वहीं कौटिल्य का न्याय शास्त्र और हड़प्पा सभ्यता के दौरान भारत के वैश्विक देशों से व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी भी नई पीढ़ी के छात्रों को मिलेगी।

### इसरो के भुवन की तस्वीरों से पढ़ेंगे विद्यार्थी

भूगोल की पढ़ाई में इसरो के भू-स्थानिक प्लेटफार्म 'भुवन' की तस्वीरों का उपयोग कर वास्तविक समय के आंकड़ों के माध्यम से क्षेत्रों का अध्ययन कराया जाएगा। वहीं भाषा विषयों में अब केवल व्याकरण पर आधारित पढ़ाई के बजाय अर्थपूर्ण अभिव्यक्ति, आलोचनात्मक सोच और संवाद कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया है। अंग्रेजी के लिए 'कावेरी' नामक नई पाठ्यपुस्तक का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें भारतीय संदर्भों से जुड़े साहित्यिक और गैर-साहित्यिक पाठ शामिल किए गए हैं।

### भारतीय इतिहास के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम में होने वाला बदलाव एक चिर प्रतीक्षित व स्वागत योग्य पहल है। विशेष तौर पर इतिहास विषय में नई सामग्री जोड़ी गई है यह विद्यार्थियों में भारतीय इतिहास के प्रति नवीन जागरूकता लाएगी। वैदिक युग और भारतीय गणतंत्र जैसे पाठ विद्यार्थियों को भारत की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराएंगे और उनमें संस्कृति की समझ व देशभक्ति की भावना को भी बढ़ाएंगे।

# मदनमहल पहाड़ी पर शुरू हुई बुलडोजर की कार्यवाही, 715 परिवार होंगे विस्थापित





## परीक्षा और शादी वाले घरों को प्रशासन ने दी कुछ दिनों की मोहलत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शनिवार को मदनमहल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी। सुबह से ही राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम पुरवा में आईसीएमआर के सामने वाले हिस्से में पहुंची और मकानों को खाली कराकर तोड़फोड़ की कार्यवाही शुरू की। कार्यवाही के दौरान कई परिवारों ने घर खाली करते हुए प्रशासन से कुछ समय की मोहलत देने की मांग भी की। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के मुताबिक मदनमहल पहाड़ी से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत पुरवा क्षेत्र से की गई है। पिछले कई दिनों से यहां मुनादी कर लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जा रहा था। शनिवार को निर्धारित योजना के अनुसार टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही शुरू की है।

### 21 एकड़ में 715 आवास चिन्हित

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। हमें इसका कंप्लायंस रिपोर्ट फाइल करना है। मदनमहल पहाड़ी की इक्कीस एकड़ जमीन पर 715 चिन्हित आवास हैं इनको अतिक्रमण मुक्त कराते हुए कंप्लायंस प्रतिवेदन दिया जाना है। यहां रह रहे लोगों के लिए हमने तेवर ग्राम में व्यवस्था कर रखी है। लोगों को प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पहले से जो सर्वे हुआ था उसके आधार पर सर्वे में जिनका भी नाम रहा है उनको हम लोग यहां पर स्थापित करके उनके सेटलमेंट की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### छावनी में तब्दील हुआ इलाका

कार्यवाही से पहले विगत 7 मार्च की सुबह से ही मदनमहल की पहाड़ी का पुरवा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया। यहां भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा साथ की क्षेत्रीय एसडीएम अनुराग सिंह समेत तमाम प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। नगरनिगम के अतिक्रमण दस्ते के लगभग 100 कर्मचारी मकानों को खाली कराने में लगे हुए हैं। 12 बजे तक कुछ घरों को चिन्हित कर उन्हें खाली कराया गया। इसके बाद उनमें तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। जिनके घर टूट रहे थे वे महिलाएं, बच्चे अपने उन घरों को उदास चेहरे के साथ खामोशी से टूटता हुआ देख रहे हैं जिनमें वो कई सालों से रह रहे हैं। इस दौरान अपने घरों को टूटता हुआ देख क्षेत्र के बच्चों ने बताया कि उनकी परीक्षाएं चल रही है। उन्हें यहां से हटाकर तेवर गांव भेजा जा रहा है। ऐसे में वे परीक्षा कैसे दे पाएंगे। कार्यवाही के दौरान अभिषेक सिंह ने कहा कि जानकारी मिली है कि कुछ घरों में शादी है, गमी हो गई है, बच्चों की परीक्षाएं भी है। ऐसे में प्रशासन प्रत्येक घरों के जाकर जांच करेगी। जिन घरों में इस तरीके को समस्याएं हैं उन्हें उचित समय दिया जाएगा। इसके अलावा बाकी के अतिक्रमण की हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### दोबारा किया अतिक्रमण

कार्यवाही के दौरान रहवासियों ने प्रशासन से पूरे मोहल्ले के लिए एक साथ व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही एक महीने की मोहलत देने की मांग की है। उनका कहना था कि कई परिवार वर्षों से यहां रह रहे हैं लेकिन दूसरी जगह कुछ ही लोगों को प्लॉट दिए जा रहे हैं। अचानक घर खाली करना उनके लिए मुश्किल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे लोग यही मांग कर रहे हैं कि पूरे मोहल्ले के लिए पहले व्यवस्था की जाए। जब तक सभी परिवारों के रहने की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हम लोग घर खाली कैसे करेंगे। पिछले सर्वे के बाद लगभग साढ़े 6 सौ परिवार अभी भी अतिक्रमण में हैं। एक बार इन सभी को हटा दिया गया था। इनके द्वारा दोबारा अतिक्रमण किया गया है। अब इन सभी को ग्राम तेवर में शिफ्ट किया जा रहा है।

# नाटा एग्जाम सेंटर बना हितकारिणी आर्किटेक्चर कॉलेज

## महाकौशल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग को वर्ष 2026 के लिए भी लगातार दूसरे वर्ष नाटा (नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट इन आर्किटेक्चर) का आधिकारिक परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह महाकौशल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे महाकौशल क्षेत्र के विद्यार्थियों को नाटा परीक्षा देने के लिए दूसरे शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब विद्यार्थी जबलपुर स्थित एचसीएटीपी परिसर में ही आधुनिक सुविधाओं और सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ परीक्षा दे सकेंगे। नाटा परीक्षा वास्तुकला के स्नातक पाठ्यक्र में बी.आर्च में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की अनिवार्य परीक्षा है। एचसीएटीपी को लगातार दूसरे वर्ष परीक्षा केंद्र बनाए जाने से संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और विश्वसनीयता भी परिलक्षित होती है।

***अधिक जानकारी के लिए इन नम्बरों पर करें सम्पर्क-*** कॉलेज प्रशासन ने क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाते हुए नाटा परीक्षा के लिए पंजीकरण करें और वास्तुकला के क्षेत्र में अपने करियर को आगे बढ़ाएं। जबलपुर स्थित हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग, महाकौशल क्षेत्र में वास्तुकला शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, जो अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है। अधिक जानकारी के लिए 9826609208 और 9926687851 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

# पिस्टल खोंसे पकड़ा गया बदमाश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हरदुआ में एक व्यक्ति कंचनपुर हार के पास मेन रोड़ पर अपने पास अवैध रूप से देशी पिस्टल रखे है। सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना शहपुरा की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। जहां पर आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पकड़ने के बाद पूछताछ करने पर अपना नाम सुरेन्द्र सिंह गौंड़ उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम अमरपुर बम्हौरी थाना पाटन बताया। तलाश लेने पर जींस पेंट की जेब में पिस्टल मैगजीन लगी हुयी मिली। दूसरी जैब में एक कारतूस रखा मिला। आरोपी से देशी पिस्टल एवं कारतूस रखने के संबंध में पूछताछ करने पर एक अपरिचित व्यक्ति द्वारा उसे पिस्टल एवं कारतूस रखने के लिये देना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे देशी पिस्टल एवं कारतूस जबत कर लिया है।

# जबलपुर से नवी मुंबई के बीच होगा फ्लाइट का संचालन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जबलपुर से नवी मुंबई के बीच इंडिगो की प्रस्तावित सीधी वायुसेवा 29 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इस वायुसेवा के होने से महाकौशल क्षेत्र के नागरिकों, उद्योग-व्यापार जगत तथा पर्यटन क्षेत्र को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की संभावना है। एक जानकारी में वायुसेवा संघर्ष समिति उड़ान जबलपुर के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया यह नई हवाई कनेक्टिविटी न केवल जबलपुर को देश की आर्थिक राजधानी से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति प्रदान करेगी। नवी मुंबई के नए उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें उपलब्ध हैं जिनमें निकट भविष्य में और बढ़ोत्तरी होगी जिससे जबलपुर को कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यहां से सड़क मार्ग से पुणे जाना भी आसान हो जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों, पेशेवरों तथा आम नागरिकों को भी इस सेवा से बड़ा लाभ मिलेगा। मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में अध्ययन, चिकित्सा, रोजगार और व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा करने वाले लोगों को समय की बचत के साथ सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध होगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिनसार में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेस एंड रिसर्च (जिनसार) में विविध आयोजन किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करना तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिनके निरंतर सहयोग और प्रेरणा से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आराधना धन्यवाद द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की होस्ट अर्निका जोसेफ थीं। आयोजन को उत्सव को और अधिक आनंदमय और रोचक बनाने के लिए शिक्षकों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां और खेल आयोजित किए गए। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केक कटिंग समारोह भी आयोजित किया गया। यह समारोह महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान के प्रति खुशी, एकता और सम्मान का प्रतीक था। शिक्षकों ने खेलों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आनंदमय और सहभागितापूर्ण बन गया।

## सोशल मीडिया की गतिविधियों पर रखें पैनी नजर: पुलिस कप्तान उपाध्याय

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस कन्ट्रोलरूम में शनिवार को अधिकारियों की उपस्थिति में अपराध समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एससीएसटी. एक्ट, तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । पुलिस कप्तान ने कहा कि स्थाई वारन्ट की तामीली लगातार अधिक से अधिक करें, फरार आरोपियों पर ईनाम उद्घोषित करायें पतासाजी कर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करें। ऐसे आरोपी जो जिले से बाहर रह रहे है की गिरफ्तारी हेतु टीम बनाकर रवाना करें। उन्होंने कहा कि महिला सम्बंधी घटित हुये अपराधों में संवेदनशीलता बरतते हुये तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी कर शीघ्र विवेचना पूर्ण कर चालान पेश करें। इसी प्रकार महिला सम्बंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाये। सोशल मीडिया में भडकाउ पोस्ट, शस्त्र प्रदर्शन, वाहनों पर स्टंट कर वीडियो अपलोड करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करे। इसके साथ ही पैदल भ्रमण के दौरान समाज के हर वर्ग के लोगो से सम्वाद स्थापित करने निर्देश दिए गए।

# जनगणना-2027 में इस्तेमाल होंगे डिजिटल टूल्स सीएमएमएस पोर्टल से होगी मॉनिटरिंग

## तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय मप्र के निदेशक कार्तिकेय गोयल द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनगणना के प्रथम चरण की कार्यप्रणाली और मकान सूचीकरण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। श्री गोयल ने फील्ड स्तर पर कार्य की सटीकता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सुझाव प्रदान किए।

***एक मई से मकान सूचीकरण का कार्य*** - बैठक के दौरान कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने उनका स्वागत किया और कार्य को बेहतर बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जनगणना 2027 की समय-सीमा के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक श्री गोयल ने बताया कि आगामी 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा आम नागरिकों के लिए 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व गणना का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता डिजिटल टूल्स का व्यापक उपयोग है, जिसमें पूरे कार्य की मॉनिटरिंग सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी और मकान सूचीकरण ब्लाकों का निर्माण एचएलबीसी मॉड्यूल पर किया जाएगा। बैठक के समापन पर श्री गोयल ने उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए निर्देश दिए।

# युवक की हत्या के बाद आरोपी की बहन ने किया सुसाइड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मझौली थाना क्षेत्र के पड़ुआ गांव में होली के दिन हुई युवक की हत्या का मामला अब और पेचीदा होता जा रहा रहा है। युवक की हत्या के आरोपी की 20 वर्षीय बहन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बहन के इस कदम के बाद पुलिस अब पूरे मामले की प्रेम प्रसंग समेत कई बिंदुओं से जांच कर रही है। दरअसल विगत 4 मार्च की दोपहर पड़ुआ गांव में मयंक सेन ने अज्जू ठाकुर की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि मयंक अपनी बहन को घूरने और छेड़खानी करने की बात से नाराज था। इसी विवाद के चलते उसने अज्जू ठाकुर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी, जिसके चलते पुलिस बल भी तैनात किया गया था। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी मयंक सेन को 5 मार्च को गिरफ्तार कर लिया है। इसी बीच 6 मार्च शाम आरोपी की बहन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बहन की आत्महत्या के बाद पुलिस अब यह जांच कर रही है कि मृतक अज्जू ठाकुर और आरोपी की बहन के बीच किसी तरह का संबंध तो नहीं था या फिर सुसाइड की कोई अन्य वजह है। पुलिस दोनों के कॉल डिटेल खंगालने के साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों के बयान भी ले रही है, ताकि आत्महत्या की असली वजह सामने आ सके।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.

# विपरीत परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट कार्य करते हैं लाइनमैन

## एमपी ट्रांसको में सम्मानित हुए प्रदेश के लाइनमैन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में लाइनमैन दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जबलपुर मुख्यालय में केंद्रीयकृत स्वरूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस संभागों से चयनित 13 लाइनमैनों सहित मुख्यालय मे कुल 75 लाइनमैनों को प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने स्वयं सम्मानित एवं पुरस्कृत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर लाइनमैनो ने कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पालिसी के तहत सुरक्षा की शपथ ली एवं अपने अनुभव साझा किये।

कार्यक्रम के दौरान ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की फ्रंटलाइन सीनियर-मोस्ट महिला अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता नीलम खन्ना को भी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष रूप से आमंत्रित कर केंद्रीयकृत समारोह में उच्च प्रबंधन द्वारा उन्हें सम्मान दिया गया।

### सुनिश्चित करते हैं विश्वास और सुरक्षा

इस अवसर पर प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सभी लाइनमैनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। उन्होंने कहा कि आंधी, बारिश, भीषण गर्मी या गहरी रात जैसी विपरीत परिस्थितियों में जब कहीं अंधेरा छा जाता है, तब लाइनमैन ही सबसे पहले रोशनी बहाल करने के लिए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि लाइनमैन केवल विद्युत लाइनों का संधारण ही नहीं करते, बल्कि समाज के जीवन में विश्वास और सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। उनकी सुरक्षा संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उनके अमूल्य योगदान के लिए पूरा एमपी ट्रांसको उनका आभारी है।



# रंग-गुलाल उड़ाकर महिलाओं ने मनाया होली मिलन समारोह

### अभा खटीक सोनकर समाज महिला मोर्चा और सखी सहेली ग्रुप के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय खटीक सोनकर समाज (महिला मोर्चा) एवं सखी सहेली ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में विगत 7 मार्च को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली मिलन का कार्यक्रम भरतीपुर शिव-पार्वती मंदिर में सोनकर खटीक समाज की महिलाओं के द्वारा होली खेली गई।

### एकता के सूत्र में बांधने लिया संकल्प

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का संकल्प लिया और पूरे भारत देश में शांति की कामना की। इस कार्यक्रम में संयोजक अखिल भारतीय खटीक समाज (महिला मोर्चा) अध्यक्ष दीपमाला सिलावट, दीपा सोनकर, रैना सोनकर, शिप्रा सोनकर, रानू सोनकर, संध्या सोनकर, शिल्पी सोनकर, प्रिया चौधरी, संगीता बुंदेला, पूजा सोनकर, लबली सोनकर, चंदा सोनकर, शीला सोनकर सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलायें उपस्थित रहीं।

# भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** परपीड़ा को महसूस कर उनके उत्थान के लिये किया गया कार्य अत्यंत की पुनीत एवं अनुकरणीय होता है, इससे समाज के पिछडे लोगों को आगे बढाने में सहायता प्रदान होती है। उक्त आशय के उद्गार अतिथि वक्ताओं ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कायस्थ महासभा द्वारा महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित महिला सेवा अलंकरण के अभिनंदन समारोह में व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभा कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेविका प्रीति विनय सक्सेना ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, डॉ आशीष श्रीवास्तव, विवेक खरे, एवं शिखा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त की महात्म्य कथा पं राजेश्वर नाथ द्वारा की गई। जिसमें प्रमुख यजमान के रूप में जिलाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नि सरोज श्रीवास्तव रहीं। कथा के उपरांत भगवान श्री चित्रगुप्त की सामूहिक आरती एवं जयकारों से सारा परिसर गुजांमान हो गया।

# हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय परिसर में रंगों और उमंग का वातावरण बना रहा । कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने पारंपरिक फाग गीत गाकर होली के उल्लास को जीवंत किया। मधुर स्वरों और तालियों की गूंज से पूरा परिसर होलीमय हो उठा। इसके पश्चात सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया । सभी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिनमें भारतीय लोक परंपरा की सुंदर झलक दिखाई दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी प्रेम, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।



ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा भारतीय परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन आनंदमय वातावरण में हुआ।

समस्त महाविद्यालय परिवार ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं सुखद पर्व मनाने का संदेश दिया । कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की उप-प्राचार्य एवं सांस्कृतिक प्रभारी, डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे एवं विजय दहायत का योगदान रहा ।

# जनभावना पर खरा उतरना पहली प्राथमिकता : सांसद दुबे

### 2 ट्रेनों को सिहोरा स्टेशन से दिखाई हरी झंडी

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जिले के सिहोरा रोड़ रेलवे स्टेशन के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद रेलवे प्रशासन ने रीवा-नागपुर इतवारी एक्सप्रेस एंव शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस के लिए यहां दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव स्वीकृत कर दिया है। शनिवार को जिले के सांसद आशीष दुबे ने सिहोरा स्टेशन पहुंचकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिहोरा, मझौली, बहोरीवन्द विधानसभा के सैकड़ों ग्रामो को सिंधी रेल सुविधा उपलब्ध कराने वाले सिहोरा रेल्वे स्टेशन में यात्री सुविधा के मद्देनजर लम्वे समय से कई एक्सप्रेस गाड़ी के ठहराव की मांग की जा रही थी लम्बी दूरी एंव महानगर से सीधा सम्पर्क न होने के कारण क्षेत्रीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों



और जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से इस ट्रेन के ठहराव की मांग उठाई थी। जनभावना को देखते हुए सांसद के अथक प्रयाश से रेलवे मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। रेलवे प्रशासन द्वारा शनिवार से स्टेशन पर दो मिनट के अतिरिक्त ठहराव की व्यवस्था लागू कर दी गई है। इससे क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधे नागपुर के लिए रेल सुविधा मिलेगी। अप-डाउनर्स संघ के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं एंव नगर वासियों ने सभी अतिथियों का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद आशीष दुबे ने स्टेशन पर पहुंचकर गाड़ी संख्या 11754 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनभावना पर खरा उतरना जनप्रतिनिधी की पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र बहुत से लोगों को इलाज़ कराने नागपुर जाना पड़ता है लेकिन सीधी रेल सुविधा ने होने के कारण मरीज एंव उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्टेशन पर ठहराव के शुभारंभ अवसर पर सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन, प्लेट फॉर्म नं. 01 के बाहर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है इस अवसर पर संतोष वरकडे विधायक सिहोरा प्रणय प्रभात पाण्डेय विधायक बहोरीबंद, अजय विश्नोई विधायक आदि उपस्थित रहे।

# राजयोग और सतयुगी मूल्यों से ही निर्मित होगा स्वर्णिम भारत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नेपियर टाउन स्थित शिव स्मृति भवन सेवा केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय वन्देमातरम-स्वर्णिम भारत रखा गया, जिसके अंतर्गत राजयोग, संस्कार और सतयुगी मूल्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण उप-विषयों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के संगम के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों में सारिका पाण्डेय रिटा. डीएसपी, डॉ. निशा साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ, ऋद्धा साहू एवं सपना खंडेलवाल शिक्षिका उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके भावना दीदी ने की, जबकि राजयोग शिक्षिका बीके वर्षा ने विषय प्रवर्तन किया।

# अनोखी पहल: जिनसार के प्रत्येक स्टाफ के जन्मदिवस पर होगा पौधारोपण



### जागरूकता फैलाने जबलपुर इन्स्टीट्यूट आफ नर्सिंग साइंस एवं रिसर्च की पहल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर इन्स्टीटयूट आफ नर्सिंग साइंस एवं रिसर्च ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उददेश्य से एक अभिनव पहल की है। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के सहयोग से इसके अर्न्तगत महाविद्यालय के शिक्षको तथा कर्मचारियों द्वारा अपने जन्मदिन को यादगार बनाने एवं प्रकृति के प्रति अपना कर्ज चुकाने के उददेश्य से पौधा रोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। प्राचार्या प्रो. प्रिन्सी साजी के निर्देशन में इस पहल के तहत महाविद्यालय के शिक्षकों आशीष दाउद एवं साक्षी ने पौधा लगाकर जन्मदिन मनाया। पौधा रोपण एक महान कार्य है एवं यह सामाजिक दायित्व है जिसका प्रचार प्रसार जन जागरण के माध्यम से किया जाना चाहिए।

### कोरोना काल में पता चली पेड़ो की महत्वता

आयोजन में बताया गया कि पौधों का महत्व लोगो ने कोरोना के दौरान जाना जब आक्सीजन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लोगों को दर दर की ठोकरे खना पड़ी। आक्सीजन की कमी से कई जिन्दगियो को बचाया नही जा सका। जबलपुर इन्स्टीट्यूट आफ नर्सिंग साइंस एवं रिसर्च के विद्यार्थी निरंतर समसामयिक मुददो पर जागरूकता का कार्य निरंतर कर रहे है।

जागरूकता के अभाव में समाज को स्वास्थ सम्बन्धी अनेक तकलीफो का सामना करना पड़ता है। सावधानी ही बचाव है यह संस्था का मूलमंत्र है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. अनूप तिवारी, प्रो. सुरभि केहरी, प्रो. आराधना धन्यवाद सहित सभी शिक्षको एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# होम्योपैथिक चिकित्सक संघ में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** होम्योपैथिक चिकित्सक संघ की मप्र राज्य शाखा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में संघ की राज्य शाखा द्वारा जारी सूचना के अनुसार 1 मार्च को इंदौर में आयोजित बैठक में संगठन के विस्तार का निर्णय लिया गया। कार्यकारिणी विस्तार के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. बी. पुल यादव (इंदौर) तथा डॉ. एमपी सिंह (इंदौर) को दायित्व सौंपा गया है।इसके साथ ही प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर डॉ. अयूब अली (भोपाल), डॉ. अशोक अग्रवाल (सतना) तथा डॉ. शैलेन्द्र खांडेकर (छिंदवाड़ा) को नियुक्त किया गया है। प्रांतीय संगठन मंत्री के रूप में डॉ. तुलसाराम लडिया (जबलपुर), डॉ. अमित चौधरी जैन (इंदौर), डॉ. विवेकानंद नामदेव (जबलपुर), डॉ. विकास विश्वकर्मा (जबलपुर) तथा डॉ. राजेश गुप्ता (ग्वालियर) को दायित्व दिया गया है। वहीं प्रांतीय सह सचिव पद पर डॉ. बिंदेश साहू (जबलपुर) और डॉ. सीमा शर्मा (जबलपुर) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अमन शर्मा बने भाजपा सोशल मीडिया विभाग के संभागीय प्रभारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी ने सोशल मीडिया विभाग के संभागीय सोशल मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा की गई है, जबलपुर संभाग से अमन शर्मा को सोशल मीडिया संभागीय प्रभारी बनाया गया है। अमन शर्मा की नियुक्ति पर सभी जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने शुभकामनायें प्रेषित की है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व. एम.एस. मोखा श्रीमती जसमती मोखा पति श्री सरबजीत मोखा एवं अन्य ने वार्ड 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 1 दूसरे पुल नं. 2 के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400205 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 8764 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीनाथ टंडन की प्रेमनाथ मंडल, डा.काशीनाथ, विश्वनाथ टंडन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व. एम.एस. मोखा श्रीमती जसवंत कौर पति श्री सरबजीत मोखा एवं अन्य ने वार्ड 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 1/2 पुल नं. 2 के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398238 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 10724 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती शीला टंडन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जसमीत कौर मोखा पति श्री सबरजीत सिंह मोखा ने वार्ड 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 06 पुल नं. 2 के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398621 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 7200 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती शकुन्तला गुप्ता पति स्व. श्री विनय किशोर गुप्ता एवं श्रीधर गुप्ता पिता श्री विनय किशोर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जोसेफीन जार्ज गिल पिता श्री फांसिसि किस्टोफट ने वार्ड 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 10 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000383878 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल NiL व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल 700 व.फु. द्वितीय तल NiL पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री चार्ल्स फांसिस पिता स्व.फांसिस, श्री राजेन्द्र किस्टोफर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 7/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री दिलीप कुमार दुर्लभ राममेवाड़ा (2) श्री राज दिलपी कुमार मेवाड़ा पिता श्री दिलीप कुमार ने वार्ड 65 वार्ड का सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 755/2ए-303 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398777 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल NiL व.फु. जिस पर निर्मित द्वितीय तल 563 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती राजकुमारी पांडे पति डा. नरोत्तम पांडे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 7/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरिता जैसवाल पति श्री गया प्रसाद जैसवाल ने वार्ड 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004383404 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती संध्या साहू पति श्री अनिल साहू नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 7/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजु सिंह पति श्री विजय सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 763/घ-सी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000383871 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 800 वर्गफुट प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सुबेदार एस.के.दास गुप्ता मं.नं. 763 सी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 7/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमित्रा जायसवाल पति राममणि जायसवाल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक P-22 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004379612 से नया पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 2106 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री विजय कोरी पिता स्व. श्री हजारी लाल कोरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 7/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज दिलीप मेवाड़ा पिता श्री दिलीप दुर्लभ राम श्रीमती बिन्दा घीरावाणी पति श्री राज दिलीप मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 201 सिग्मागोल्ड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400728 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल व.फु. जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल 1200 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज सिग्मा डेवलपर्स का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

# जिला जेल में कई कार्यक्रम आयोजित

### होली एवं रमजान मास पर न्यायाधीश द्वारा बंदियों को दी गई शुभकामनाएं



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि जेल में परिरुध्द बंदियों को होली एवं रमजान मास के पावन पर्व पर माननीय न्यायाधीश द्वारा बंदियों को शुभकामनाएं दी गई। माननीय न्यायाधीश.सचिव मोहन डावर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया तथा न्यायाधीश अहमद रजा, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय उमरिया के द्वारा जेल का आकस्मिक निरीक्षणध्अवलोकन किया गया। उनके द्वारा बंदियों के बैरको में जाकर बंदियों के रहन-सहन, अनुशासन, स्वच्छता एवं भोजन प्रबंध का अवलोकन किया गया। सभी बंदियों को त्योहार के अवसर पर मिल जुल कर आपसी भाईचारा एवं प्रेम से रहने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर बंदियों को उनके आपराधिक प्रकरण में पैरवी के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता नियुक्त कराने की जानकारी देते हुये विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया।

होली के पावन अवसर पर गायत्री परिवार उमरिया के साधक मनोज विश्वकर्मा, आनंद विभाग की मास्टर ट्रेनर श्रीमती आशा तिवारी एवं आर.के. तिवारी ने बंदियों को सद्भावना से जीवन यापन करने के लिए होली के पावन अवसर पर गीत-संगीत की प्रस्तुति देते हुये शुभकामनाएं दिये।

शिक्षिका आशा तिवारी ने कहा कि होली के पावन पर्व के अवसर पर उमरिया जिला जेल में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर के रूप में सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान बंदी भाइयों और बहनो से मुलाकात हुई, उनसे संवाद किया और सकारात्मक सोच तथा जीवन में नए आरंभ की प्रेरणा साझा की। होली केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि आशा, परिवर्तन और नई शुरुआत का भी पर्व है।कामना है कि सभी के जीवन में खुशियों के रंग घुलें और हर मन में आशा का नया प्रकाश जगे।

रमजान मास के पवित्र महीने में हिंदू मुस्लिम एकता मंच ने कैदियों को रोजा अफ्तार का सामाजिक पुण्य कार्य किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी. के. सारस तथा जेलर.उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं जेल चिकित्सक एस. के. जैन, पैरालीगल वालेंटियर तथा प्रमुख मुख्य प्रहरी शिवशंकर कोल एवं प्रहरी मो0 शारिब एवं रमन विश्वकर्मा तथा ड्यूटीरत. जेल के समस्त अधिकारी ध् कर्मचारी प्रहरी उपस्थित रहे।

# लोक सेवा केन्द्र मानपुर में खिड़की तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने का किया गया प्रयास



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

प्रभारी लोक सेवा केंद्र मानपुर ने थाना मानपुर में लोक सेवा केंद्र मानपुर की खिड़की तोड़कर चोरो व्दारा चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की सूचना दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार लोक सेवा केन्द्र मानपुर मे शुक्रवार 6 मार्च कि रात्रि के समय चोरो द्वारा 2 खिडकी तोड कर ले गये लोक सेवा केन्द्र मानपुर मे रखे शासन की सम्पत्ति को चुराने का प्रयास भी किया गया। जिसमें शासन की रखी सामग्री 52 इंच एल.जी. की एल.ई.डी. टी.वी., 3 नग लैपटाप, 4 नग डेस्क्टॉप कम्प्यूटर सिस्टम, 3 नग स्कैनर, 4 नग प्रिंटर, आधार कार्ड की पूरा सिस्टम सामग्री, इत्यादि शासकीय लाखों की सामग्री लोक सेवा केन्द्र मानपुर मे रखा हुआ है, जो चोरो द्वारा खिडकी तोड व काटकर नुकसान किया गया है, और लोक सेवा केन्द्र मानपुर मे रखे शासन की सामग्री नुकसान पहुंचाते हुए चुराने का प्रयास किया गया है इसके पहले भी लोक सेवा केन्द्र मानपुर में खिडकी तोडकर सामग्री चुराने का प्रयास किया गया था जिसका रिपोर्ट थाना मानपुर में दिया गया था जिसका आज तक किसी भी प्रकार की कोई जांच नहीं की गई और ना ही मौके पर आया गया ना ही चोरों के ऊपर कोई कार्यवाही गई जिससे चोरों का हौंसला और भी बुलंद होते जा रहा है शासकीय सम्पत्ति तक चोरी करने में वाज नहीं आते जिससे आये दिन ऐसी घटनाएं बढती जा रही हैं। उन्होने कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# वातायन परिवार द्वारा दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के साहित्य जगत की क्षति और दुखद अवसर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था वातायन ने शुक्रवार दिनांक 06-03-2026 को नगर के जयस्तंभ चौक उमरिया में भावभीनी श्रद्धांजलि दी जिसमे संस्था के संरक्षक शेख़ धीरज, शंभू सोनी, रामलखन सिंह चौहान, शिवानंद पटेल, भूपेंद्र त्रिपाठी, श्रीमती कल्पना त्रिपाठी, योगेश पाण्डेय, शारिब पूर्वांचली, संपत नामदेव, शिवांश सिंह सेंगर, रतन लाल रजक, सुशील दुबे की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सबने स्व0 श्री मदन गोपाल सिंह जी की यादों में अपने अपने विचार व्यक्त कर वरिष्ठ साहित्यकार को विदाई दी।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार का 9 मार्च को होगा उमरिया आगमन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंधार का 9 मार्च दिन सोमवार को उमरिया आगमन हो रहा है जहां वे सभा को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अधिवक्ता पुष्पराज सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश के लोकप्रिय नेता उमंग सिंधार जी का 9 मार्च दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे उमरिया आगमन हो रहा है जहां वे उमरिया के पुराने बस स्टैंड में कांग्रेस के द्वारा आयोजित किसान मजदूर आदिवासी महासम्मेलन को संबोधित करेंगें। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी विजय कुमार को सहित उमरिया जिले के वरिष्ठ नेता का एवं संभाग के वरिष्ठ कांग्रेस एवं सम्माननीय नेता जनप्रतिनिधिगण का विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।समस्त कांग्रेस जनों से एवं नागरिकों से आग्रह किया गया है कि कांग्रेस के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कथली नदी में किया गया बोरी बंधान



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश सरकार व्दारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल की एक एक बूंद को संरक्षति करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत जल की एक एक बूंद को संरक्षित किया जाने का काम किया जाएगा। जल का संरक्षण करना हम सबकी महती जिम्मेदारी है।

इसके लिए आवश्यकता है कि अपने ग्राम में आस पास के जल स्त्रोतो को संरक्षित करें। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शुक्रवार 6 मार्च को ग्राम बरबसपुर स्थित कथली नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण होने पर इस पानी का उपयोग मवेशियों सहित आम जन कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जनांदोलन बनाने की जिसमें समाज के हर वर्ग एवं उम्र के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो। बोरी बंधान कार्यक्रम में अधिकारियों,कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# 2 किमी दायरे के बच्चों के लिए मौका सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** सत्र 2026-27 के लिए सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय से 2 किलोमीटर की परिधि में निवास करने वाले पालकों के बच्चों के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।प्राचार्य डॉ. राहंगडाले ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 9 मार्च से 20 मार्च तक विद्यालय कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन पत्र प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। विद्यालय में उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार केजी-1 हिंदी माध्यम में 50, केजी-1 अंग्रेजी माध्यम में 50, केजी-2 हिंदी माध्यम में 13, केजी-2 अंग्रेजी माध्यम में 6, कक्षा 1 हिंदी माध्यम में 40 तथा कक्षा 1 अंग्रेजी माध्यम में 6 सीटें खाली हैं। आवेदन पत्र प्राप्त करने से पूर्व अभिभावकों को यह प्रमाण देना अनिवार्य होगा कि उनका स्थायी निवास विद्यालय से 2 किलोमीटर की दूरी के भीतर है। यदि दस्तावेजों में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो प्रवेश के बाद भी प्रवेश निरस्त किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ राहंगडाले ने बताया कि अन्य कक्षाओं में फिलहाल कोई रिक्त स्थान उपलब्ध नहीं है। यदि भविष्य में रिक्तियां उत्पन्न होती हैं तो केवल शासकीय विद्यालयों से ही नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। यदि निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो विद्यार्थियों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।आयु सीमा के संबंध में बताया गया है कि केजी-1 के लिए 31 जुलाई की स्थिति में न्यूनतम आयु 4 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष 6 माह, जबकि केजी-2 के लिए न्यूनतम 5 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष 6 माह निर्धारित की गई है।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की सचिव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन आयोग की सचिव सीमा सोनी (अपर संचालक) द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार मे अनु.जा. एवं अनु.ज.जा. आयोग में लंबित शिकायतों के संबंध में समीक्षा की गई। शिकायतों में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग,शिक्षा,कृषि आदि विभागों से संबंधित शिकायतो पर विस्तार से अधिकारियों से चर्चा की गई।बैठक में सचिव द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अनु. जाति व अनु.ज.जा.वर्ग के व्यक्तियों के प्रकरणों में तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि समयावधि में आयोग से प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर, पाली एसडीएम मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज,सहायक आयुक्त जजा कार्य विभाग पूजा द्विवेदी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद ने जारी की 200 जोड़ों की सूची

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत कटंगी ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के लिए चयनित 200 जोड़ों (वर-वधु) की सूची जारी कर दी है। इस सूची के जारी होते ही इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले आओ-पहले पाओ का जो दावा किया जा रहा था। वह दावा पूरी तरह से झूठा साबित हो गया है। इस सूची को देखने के बाद जिन आवेदकों ने दिन भर धूप में कतार में खड़े रहकर अपना आवेदन जमा करवाया था और उसके बाद भी सूची में नाम नहीं आया ऐसे आवेदकों में भयंकर आक्रोश दिखाई दिया। यह आवेदक शनिवार को अलग-अलग वक्त पर जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे और अधिकारी समेत कर्मचारी से नाम नहीं आने पर सवाल करने लगे किंतु आवेदकों को संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया।

आवेदकों को यह बताया जा रहा है बीपीएल सत्यापन नहीं होने की वजह से उनके आवेदन फार्म निरस्त किए गए। इधर, आवेदकों का कहना है कि अगर बीपीएल सत्यापन नहीं था तो अब तक आवेदकों को जानकारी क्यों नहीं दी गई जबकि एक माह पूर्व 09 फरवरी को ही 09 मार्च को तिरोड़ी में होने वाले सामुहिक विवाह समारोह के लिए आवेदन लिए गए थे और जब 200 आवेदन ही लिए गए तो फिर कई फार्म निरस्त होने के बाद भी 200 जोड़ों की सूची कैसे हो गई। इस सूची के जारी होने के बाद कई आवेदक कथित तौर पर सांठ-गांठ कर आवेदकों के फार्म निरस्त करने और नए फार्म को शामिल करने का आरोप भी लगा रहे है।



# महिला दिवस विशेष : कान्हा टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में महिलाओं का दमदार योगदान

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जहां एक ओर जंगलों में कार्य करना जोखिम और चुनौतियों से भरा होता है, वहीं बालाघाट जिले के बफर कान्हा टाइगर रिजर्व में महिलाएं अपनी साहस, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा से वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा की मिसाल पेश कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) के अवसर पर इन महिला वन कर्मियों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। बफर कान्हा टाइगर रिजर्व की डिप्टी डायरेक्टर सुश्री अमिता के.बी. (आईएफएस) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में महिला कर्मचारियों की एक टीम पूरी जिम्मेदारी के साथ जंगल की सुरक्षा में जुटी हुई है। इस टीम में खापा रेंजर सुश्री संध्या देशकर, माना बीट की बीट गार्ड वनरक्षक सुश्री विनीता मरावी, भैसानघाट बेरियर की वनरक्षक श्रीमती सोनम झारिया तथा सुरक्षा श्रमिक श्रीमती प्रेमा यादव और श्रीमती विमला कुशरे शामिल हैं। ये सभी महिलाएं टाइगर रिजर्व में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने, वन क्षेत्र की निगरानी करने और वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं। जंगलों में गश्त करना, बेरियर पर निगरानी रखना और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना उनके रोजमर्रा के कार्यों का हिस्सा है। कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद वे पूरी लगन और साहस के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं।जंगल में कार्य करना महिलाओं के लिए आसान नहीं होता, लेकिन इन महिला कर्मचारियों ने यह साबित कर दिया है कि इच्छाशक्ति और समर्पण के बल पर कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। ये महिलाएं अपने शासकीय दायित्वों के साथ-साथ पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। विशेष बात यह भी है कि बालाघाट जिला मध्यप्रदेश का ऐसा जिला है जहां स्त्री-पुरुष लिंगानुपात सबसे अधिक है। यहां 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1022 है। यही सकारात्मक सामाजिक वातावरण यहां के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के रूप में दिखाई देता है। बफर कान्हा टाइगर रिजर्व में महिला कर्मचारियों की बढ़ती संख्या भी इसका एक उदाहरण है।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन महिला वन कर्मियों की कार्यनिष्ठा और साहस यह संदेश देता है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# गांव के सार्वजनिक कुएं में मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र में एक 50 वर्षीय शख्स का शव गांव के ही सार्वजनिक कुएं में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना थाना क्षेत्र के ग्राम बिछुआ की है। शनिवार की सुबह 08 बजे ग्रामीणों ने गांव के सार्वजनिक कुएं में एक लाश तैरते हुए देखी और पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान ग्राम बिछुआ निवासी कवन पिता लोकमान उइके 50 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कवन शुक्रवार की शाम से लापता था।

वह गांव में घूमने के लिए निकले थे और फिर देर शाम तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। देर रात तक तलाश करने के बाद भी उनका पता नहीं चला। वहीं शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने कुंए में तैरती लाश देखी। जांच अधिकारी उमेश दिहेवार ने बताया कि दोपहर ढाई बजे शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। स्थानीय जनों के मुताबिक मृतक शराब पीने का आदि था इसलिए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कुंए की पार में बैठने से गिरने पर मौत हुई होगी हालांकि पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि यह हादसा है या आत्महत्या।

# अस्पताल में गुंडागर्दी, 4 युवकों पर मामला दर्ज

### स्वास्थ्य कर्मियों से बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद थाने पहुंचा मामला




**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** बालाघाट जिले की मायॅल नगरी तिरोड़ी के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों से बदसलूकी करने का मामला प्रकाश में आया था। यहां पर गांव के ही चार युवकों ने अस्पताल के भीतर गुंडागर्दी करते हुए यहां पदस्थ चिकित्सक और महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। इस पूरी घटना का एक सीसीटीवी फुटेज वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है। जिसमें कुछ युवकों को महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए देखा और सुना जा रहा है। युवकों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक जो पूरी घटना में बीच-बचाव करने के लिए गए थे। उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और उनकी कॉलर पकड़ ली। चिकित्सक और महिला स्वास्थ्यकर्मी ने अपने साथ हुई इस बदसलूकी की शिकायत तिरोड़ी थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। पूरी घटना 05 मार्च गुरुवार की है। यह घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। 06 मार्च को पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले कुनाल निखारे, रोहित सहारे, गौरव नेवारे, आशीष निखारे सभी तिरोड़ी निवासियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 58 पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 296 (बी), 3(5) की कार्रवाई की है।

तिरोड़ी में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ हुई घटना का विकासखंड कटंगी के समूचे चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने पूरजोर तरीके से सांकेतिक विरोध किया है। उन्होंने घटना को अंजाम देने वाले युवकों पर शीघ्र और कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि वह दिन-रात पूरी ईमानदारी से अपने घर-परिवार से दूर रहकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। बावजूद इसके शराबी और शरारती तत्वों के द्वारा इस तरह से बदसलूकी की जाएगी तो उनका मनोबल कमजोर होगा। वहीं अगर ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में और भी इस तरह के मामले सामने आते ही रहेगें। गौरतलब हो कि इस तरह की घटनाएं पूर्व में भी सामने आई है। कटंगी अस्पताल में भी इस तरह की घटनाएं आए दिन होते ही रहती है। किंतु स्वास्थ्य कर्मी कानूनी उलझनों से बचने के लिए किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं करवाते। वहीं जिन लोगों की शिकायतें की जाती है वह अकसर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होते है ऐसे में कार्रवाई के बाद भी उनकी हरकतों में कोई सुधार नहीं आता। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों से बदसलूकी करने वाले लोग अकसर या तो शराबी होते है या राजनीतिक दलों से ताल्लुक रखने वाले छुटभैये नेता जो अपना रूआब जमाने के स्वास्थय कर्मियों से लिए उलझ जाते है। खैर, तिरोड़ी में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# राधारानी के साथ नाचीं कैबिनेट मंत्री, टिकरवारा में होली मिलन समारोह और फाग उत्सव की रही धूम

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

जिले के ग्राम टिकरवारा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह विशेष उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके के गृह ग्राम टिकरवारा में आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान फाग उत्सव का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्र की पारंपरिक लोक संस्कृति और होली के रंगों की अनूठी झलक दिखाई दी। वहीं राधारानी के मनमोहक जीवंत झांकी ने सब का मन मोह लिया और यहां पर कैबिनेट मंत्री जमकर नाची।

ग्राम टिकरवारा में आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही गांव में उत्सव का माहौल नजर आने लगा था। ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। ढोल मंजीरा और नगाड़ों की थाप पर कलाकारों ने लोकगीत प्रस्तुत किए जिन पर लोग झूमते हुए नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तिलक लगाकर और पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। मंत्री उईके ने भी सभी उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेम भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह त्योहार हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक उत्सवों का अपना अलग ही महत्व होता है। फाग उत्सव जैसी परंपराएं हमारी लोक संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंत्री उईके ने कहा कि टिकरवारा जैसे गांवों में इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आपसी मेलजोल बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। होली मिलन समारोह के दौरान गांव के बुजुर्गों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि वर्षों से टिकरवारा में होली का पर्व इसी तरह सामूहिक रूप से मनाया जाता रहा है। पहले के समय में लोग एकत्रित होकर फाग गीत गाते थे और गांव के चौपाल में देर रात तक उत्सव चलता था। आज भी उसी परंपरा को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। वहीं युवाओं ने ढोलक की थाप पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बच्चों ने भी रंग-गुलाल के साथ उत्सव का आनंद लिया और कार्यक्रम स्थल पर हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। फाग उत्सव के दौरान लोक कलाकारों ने ब्रज और बुंदेली शैली के फाग गीतों की प्रस्तुति दी। इन गीतों में भगवान श्रीकृष्ण और राधा के होली खेलते प्रसंगों का भी वर्णन किया गया जिसे सुनकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा मजबूत होता है और समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। होली मिलन समारोह के माध्यम से लोगों को एक-दूसरे से मिलने और संवाद करने का अवसर मिलता है जिससे सामाजिक संबंध और मजबूत होते हैं।





कार्यक्रम के दौरान मंत्री संपतिया उईके ने ग्रामीणों के साथ बैठकर फाग गीतों का आनंद लिया और कई स्थानों पर स्वयं भी लोगों के साथ गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। यदि हम सभी मिलकर इन्हें मनाएं तो समाज में एकता और भाईचारे की भावना और मजबूत होगी। ग्राम टिकरवारा में आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी जिसका सभी ने स्वाद लिया। ग्रामीणों ने बताया कि मंत्री संपतिया उईके का अपने गृह ग्राम के प्रति विशेष लगाव है और वे समय-समय पर गांव में आयोजित सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होती रहती हैं। उनके आने से ग्रामीणों में उत्साह और आत्मीयता का माहौल बन जाता है। इस बार होली मिलन समारोह में उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

समारोह के अंत में सभी ने एक साथ फाग गीत गाकर और रंग-गुलाल के साथ होली की खुशियां साझा कीं। पूरे गांव में दिनभर उत्सव का माहौल बना रहा और लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। इस तरह टिकरवारा में आयोजित होली मिलन समारोह और फाग उत्सव ने न केवल पारंपरिक संस्कृति को जीवंत किया बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया। इस दौरान फाग मंडली को सम्मानित भी किया गया।

## सीएम हेल्पलाइन समीक्षा बैठक

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह द्वारा की गई। समीक्षा के दौरान विभागवार प्राप्त शिकायतों उनके निराकरण की स्थिति एवं संतुष्टि स्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही या औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने सीएम और सीएस मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि गिरदावरी को कल तक शत प्रतिशत पूर्ण कराएं।

## गाइडलाइन दर निर्धारण प्रक्रिया प्रारंभ

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले में अचल संपत्तियों भूखंड एवं कृषि भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए वर्ष 2026-27 के लिए गाइडलाइन दर तय करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पंजीयन नियम 2018 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जिले की अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए प्रस्तावों पर विचार किया गया। समिति द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों को आम नागरिकों के अवलोकन के लिए जिला पंजीयक कार्यालय में रखा गया है। जिला प्रशासन ने बताया कि आम नागरिक इन प्रस्तावों का अवलोकन कर सकते हैं तथा यदि किसी प्रकार के सुझाव या आपत्ति हो तो वे अपने सुझाव 13 मार्च तक जिला पंजीयक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद गाइडलाइन दरों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## भूमि संबंध में आपत्तियां 23 तक

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले की तहसील बिछिया के अंतर्गत अंजनियां वृत्त के नायब तहसीलदार न्यायालय में महाप्रबंधक मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना इकाई द्वारा ग्राम गदिया तहसील बिछिया स्थित भूमि के हस्तांतरण आवंटन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गदिया की भूमि सर्वे नंबर 121 एवं 122, कुल रकबा लगभग 2.82 और 3.62 हेक्टेयर के संबंध में राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरण आवंटन किए जाने के लिए खसरा एवं नक्शा संलग्न करते हुए आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 23 मार्च तक न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

# चैत्रमास में कर सकते हैं उत्तरवाहिनी परिक्रमा

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



चैत्र मास के पावन अवसर पर मां नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। परंपरा के अनुसार चैत्र मास में श्रद्धालु मां नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा करते हैं। इस परिक्रमा के लिए कोई विशेष तिथि या दिन निर्धारित नहीं है बल्कि पूरे चैत्रमास में किसी भी दिन श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार परिक्रमा कर सकते हैं। गुजरात में मां नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा की परंपरा अनेक वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश के जिले में पहली बार उत्तरवाहिनी परिक्रमा का आयोजन 15 अप्रैल को संध्या आरती मंच, श्री सिद्ध घाट रेवा दरबार मण्डला द्वारा प्रारंभ किया गया था। तब से यह आयोजन प्रतिवर्ष अनवरत रूप से जारी है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। उत्तरवाहिनी परिक्रमा के लिए लगभग दो कोस की दूरी का होना आवश्यक माना जाता है। इसी कारण संध्या आरती मंच द्वारा सुरंगदेवरी से तट परिवर्तन कराया जाता है जिससे श्रद्धालु निर्धारित दूरी पूर्ण करते हुए एक ही दिन में इस परिक्रमा को संपन्न कर लेते हैं। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक होने के साथ ही परंपरा के अनुरूप भी है। संध्या आरती मंच श्री सिद्ध घाट रेवा दरबार मण्डला की ओर से माँ नर्मदा के सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को सूचित किया गया है कि वे चैत्र मास के दौरान अपनी सुविधा के अनुसार अपने परिवार, मित्रों या समूह के साथ किसी भी दिन मां नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा कर सकते हैं और मैया का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं से मां नर्मदा के तटों की स्वच्छता बनाए रखने, धार्मिक मर्यादाओं का पालन करने तथा शांतिपूर्वक परिक्रमा करने की भी अपील की गई है।

## परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान को एपीसी मुकेश पांडे सहित संबंधित उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हायरसेकेंडरी परीक्षा के लिए जिले में 90 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल में कुल 69 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा केंद्र में एक भी नकल प्रकरण नहीं हुआ।

## परीक्षा केन्द्र का अवलोकन

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित दसवी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर बैठने की व्यवस्था प्रश्नपत्र वितरण उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा तथा परीक्षार्थियों की सुविधाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में कुल 282 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया।

# मवेशियों से भरा अवैध वाहन पकड़ा

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्र मत)।



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में अवैध रूप से पशुओं के क्रूरतापूर्वक परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहगांव पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आईसर ट्रक में मवेशियों को ठूस-ठूस कर भरकर ले जाया जा रहा है जो बायपास रोड किनारे फंसा हुआ है। सूचना पर थाना प्रभारी मोहगांव वेदराम हनोते के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां ट्रक में मवेशियों को रस्सियों से सींग एवं पैरों में बांधकर भरा हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा वाहन चालक शेख रहीम पिता शेख स्माईल उम्र 54 वर्ष निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पसियाना थाना गोहलपुर जिला जबलपुर को मौके पर पकड़ा गया पुलिस द्वारा पोकलेन मशीन की सहायता से फंसे वाहन से मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकलवाया गया तथा घायल मवेशियों के उपचार हेतु पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर उपचार कराया गया पुलिस द्वारा मौके पर 27 नग मवेशी कीमत लगभग 5,25,000 एवं परिवहन में प्रयुक्त आईसर ट्रक कीमत लगभग 22,00,000 जप्तकर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक वेदराम हनोते, उप निरीक्षक नंदश्याम धुर्वे, सउनि अशवंत सोनवानी, सउनि कमल पडवार, सउनि चन्द्रकुमार अहिरवार, आरक्षक बलवंत मरावी, आरक्षक नवीन उइके, आरक्षक खेमसिंह मरकाम एवं चालक आरक्षक रेवा मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## महिष्मति घाट में आज महोत्सव

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

आज रंगपंचमी के अवसर पर महिष्मति घाट में पंचचौकी महाआरती के बाद रंगपंचमी महोत्सव मनाया जायेगा यहा पर फूलों की होली की जैविक गुलाल की होली भी खेली जायेगी। कलेक्टर ने रंगपंचमी उत्सव के लिए नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट को तीन प्रकार का अष्टगंध युक्त हर्बल गुलाल भेंट किया। इससे पहले कलेक्टर कक्ष में उपस्थित ट्रस्ट के प्रतिनिधियों को उन्होंने होली पर्व की शुभकामनाएं दी। रंग पंचमी उत्सव के लिए उनके द्वारा भेंट किये गए 30 किलोग्राम प्राकृतिक हर्बल गुलाल के लिए ट्रस्ट की ओर से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक सख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

# राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति को मिली सफलता

मण्डला (स्वतंत्रमत)।



जिले में बेहतर रेल सुविधाओं की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति मंडला को एक महत्वपूर्ण आंशिक सफलता मिली है। समिति के लगातार प्रयासों और जनहित में किए जा रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप रेलवे प्रशासन ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैंजिनसे जिले के रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार को डीआरएम नागपुर मंडल के दीपक गुप्ता ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा समिति की एक प्रमुख मांग को स्वीकार कर लिया गया है। इसके तहत जबलपुर से चलकर रात में नैनपुर में ठहरने वाली ट्रेन अब मंडला में नाइट हाल्ट करेगी। अब तक जबलपुर से चलने वाली ट्रेन रात के समय नैनपुर स्टेशन में रुकती थी लेकिन नए निर्णय के बाद यह ट्रेन अब में नाइट हाल्ट करेगी। इस निर्णय से मंडला के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी क्योंकि उन्हें अब रात में नैनपुर तक अतिरिक्त यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। रेलवे प्रशासन ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह भी तय किया है कि अभी तक मंडला से नैनपुर के बीच चलने वाली गाड़ियां अब सीधे नए नामों से संचालित की जाएंगी। इनमें प्रमुख रूप से मंडला -जबलपुर, मंडला - छिंदवाड़ा के नाम से ट्रेनें चलाई जाएंगी। इससे यात्रियों को ट्रेन की पहचान और यात्रा योजना बनाने में आसानी होगी। समिति की एक और प्रमुख मांग मंडला से नागपुर के लिए सीधी रेलगाड़ी चलाने की रही है। इस संबंध में डीआरएम दीपक गुप्ता ने बताया कि नागपुर के लिए नई ट्रेन शुरू करने की योजना पर डीआरएम कार्यालय में काम चल रहा है और इसे जल्द ही मूर्त रूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने इसे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। उनका कहना है कि वर्षों से रेल सुविधाओं को लेकर किए जा रहे संघर्ष जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद और रेलवे प्रशासन के समक्ष रखी गई मांगों का ही यह सकारात्मक परिणाम है।

## शुचि के पांच विकेट से एमपी जीता



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जयपुर में चल रहे अंडर 23 बालिका वर्ग के एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश टीम में शामिल जिले की शुचि उपाध्याय ने पांच विकेट लेकर जम्मू कश्मीर टीम को बैक फुट में पहुंचा दिया और मध्यप्रदेश ने इस मैच में जीत दर्ज कर लिया है। जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जिसमें मध्यप्रदेश को 130 रनों का लक्ष्य दिया। शुचि उपाध्याय की शानदार गेंदबाजी ने जम्मू कश्मीर के बल्लेबाजों को एक एक कर बाहर का रास्ता दिखाया। शुचि ने महज 9.5 ओवर में 2 मेडेन ओवर डालते हुए मात्र 14 रन देकर 5 विकेट झटक लिए। जम्मू कश्मीर टीम मात्र 130 रन में आल आउट हो गई। विदित हो कि बीते माह सीनियर वूमेंस वन डे टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश से सर्वाधिक शुचि ने सर्वाधिक 14 विकेट हासिल किया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी मध्यप्रदेश टीम ने यह लक्ष्य मात्र 30 ओवर में हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

## परामर्शदात्री बैठक 18 को

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आगामी 18 मार्च को अपराह्न 4:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक सुझावों पर विचार किया जाएगा। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## आरटीई में ऑनलाइन आवेदन 13 से

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत जिले के निजी विद्यालयों में कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले के 164 निजी विद्यालयों में नर्सरी, केजी-1, केजी-2 एवं कक्षा पहली में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। जिला शिक्षा केन्द्र मंडला से प्राप्त जानकारी अनुसार पात्र बच्चों के अभिभावक निर्धारित अवधि में आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। आवेदन करने के बाद अभिभावकों को 14 मार्च से 30 मार्च तक नजदीकी जनशिक्षा केन्द्र में जाकर दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया के लिए पात्रता में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, बीपीएल परिवार, अनाथ बच्चे तथा कोविड-19 के कारण माता-पिता को खो चुके बच्चों को भी शामिल किया गया है।

ऑनलाइन आवेदन के बाद राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन किया जाएगा।

## सहायिका भर्ती सूची जारी

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** महिला एवं बाल विकास परियोजना बीजाडांडी के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता भर्ती की अनंतिम सूची का प्रकाशन एमपी ऑनलाईन के चयन पोर्टल पर आम नागरिकों के लिए जारी कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता 6 पद में से 5 के लिए अनंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है। अनंतिम सूची प्रकाशन 6 मार्च से 7 दिवस के भीतर आवेदक अपनी दावा आपत्ति चयन पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज कर सकते हैं। दावा आपत्ति ऑफलाईन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। सूची परियोजना कार्यालय, जनपद पंचायत, संबंधित ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी केंद्र में भी देख सकते हैं।



## श्रीराधा कृष्ण मंदिर में आज भव्य होली महोत्सव

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** वार्ड क्रमांक 15 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में आज नाम संकीर्तन और राही फाग का आयोजन शाम 8 बजे से 12 बजे तक श्री प्रिया लाल के संग फूल और गुलाल की होली खेली जावेगी। आयोजक गोविंद प्रसाद सोनी के द्वारा बताया गया की रंग पंचमी पर कृष्ण वल्लभा लाड़िली, राधा वल्लभ लाल। बसहु निरन्तर हीय में, आनन्द रूप रसाल ॥ फूल एंव गुलाल से होली कार्यक्रम आयोजित है नगर क्षेत्र के श्री राधाकृष्ण भक्तो से अपील है कि आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराते धर्म लाभ अर्जित करे।

# नैनपुर में होली पर्व सानंद सम्पन्न

### आज मनाई जाएगी रंग पंचमी

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।




नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में सानंद सम्पन्न हुआ। होलिका दहन के दूसरे दिवस चंद्रग्रहण हिंर के कारण हुरियारों में थोड़ी मायूसी थी। मगर अगले दिवस धुरेड़ी की सुबह से ही नगर की गलियों और मोहल्लों में रंग-गुलाल की खुशबू और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी प्रेम तथा सद्भाव का संदेश दिया। होली के अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखा गया। ढोल-मंजीरों की थाप और होली गीतों के साथ लोगों ने पारंपरिक अंदाज में होली का आनंद लिया। जगह-जगह लोगों ने एकत्र होकर रंग-गुलाल उड़ाए तथा एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयाँ बांटीं। नगर के विभिन्न मोहल्लों में होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहाँ लोगों ने गले मिलकर आपसी मतभेद भुलाते हुए प्रेम और एकता का संदेश दिया। महिलाओं ने भी समूह बनाकर फाग गीत गाए और पारंपरिक तरीके से होली का उल्लास मनाया।

प्रशासन की ओर से भी शांति और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरा पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगरवासियों ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

# आधी आबादी आज भी हाशिए पर



**08 मार्च** | **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

अंतरिक्ष सभी जगह वो आज अपना परचम लहरा रही है, यहां तक कि पुरूष प्रधान कहे जाने वाले क्षेत्र सैनिक, की भूमिका हो या बॉक्सिंग जैसे खेल भी अदभुद सफ़लता दिखाई है । राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जज, हो यहां तक यूनाइटेड नेशंस भी अपनी सफल और मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। ये सिक्के का एक पहलू है, दूसरा पहलू बेहद भयावह है, और इसकी तस्वीर बयां करते नेशनल क्राइम रिसर्च ब्यूरो के आंकड़े हैं जो बेहद भयावह है,हर घंटे औसतन 4 महिलाओं से द्ु ष्क र्म ,परकस्था ये की हर उम्र की महिला के साथ हो रहा है क्या 2 साल क्या 80 साल और यदि ऐसा हो रहा है जैसा आंकड़े कह रहे हैं तो फिर ये पुरूष प्रधान समाज का स्त्री के प्रति दोहरा नजरिया ही है ।

निश्चित तौर पर आज समाज, कार्यस्थल में महिलायें अपनी बुद्धि और ज्ञान कौशल से अपनी जगह बना रही हैं, लेकिन इतनी अधिकार सम्पन्न होने के बाद भी एक आम स्त्री ही नहीं उच्च पदों पर बैठी महिलाएं आज भी ना सिर्फ़ भेदभाव बल्कि दुष्कर्म का भी शिकार हो रहीं हैं, कुछ समय पहले एक महिला जज ने इच्छामृत्यु की मांग की थी उस समय समाचार पत्रों की खूब सुर्खियां बनी थीं लेकिन ये बेहद चिंताजनक संकेत हैं की पुरूष कहीं न कहीं एक मजबूत स्त्री को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। कहीं न कहीं ये पुरुष की कुंठित मानसिकता ही हैं । कहने की आज महिला अधिकार सम्पन्न है, लेकिन ये पूरा सच नहीं है, आज भी समझौता स्त्री ही करती है कभी परिवार के लिए कभी बच्चों के लिए बात इतनी ही नहीं स्त्री का अपनी कोख पर भी नियंत्रण नहीं है, बच्चे कब होंगे कितने होंगे इन सब बातों का निर्णय अधिकांशत: स्त्री नहीं तय करती पुरुष ही ते करते हैं। ये बांते इस बात का संकेत हैं कि स्त्री की स्थिति में कोई बहुत अमूलचूल परिवर्तन नहीं आए। हां मौके बहुत बढ़े हैं आगे बढ़ने के लिए लेकिन इसके लिए व्यवस्था से ज्यादा स्त्री का ज्ञान और बुद्धिकोशल की भूमिका अधिक है।

भारत में महिलाओं की वर्तमान स्थिति प्रगति और चुनौतियों का मिश्रण है। कानूनन समानता और शिक्षा-रोजगार में वृद्धि हुई है, लेकिन पितृसत्तात्मक सोच, सुरक्षा, और स्वास्थ्य (एनीमिया) अभी भी प्रमुख चुनौतियाँ हैं। महिला श्रम शक्ति भागीदारी 23.3त्न से बढ़कर 41.7% हो गई है, फिर भी वे भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही हैं।



### महिलाऐं जहां मजबूत हुई

**शिक्षा और आत्मनिर्भरता:** शिक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से अधिक स्वतंत्र हो रही हैं।

**रोजगार:** कार्यबल में भागीदारी (23.3% से 41.7%) बढ़ी है, जो देखभाल अर्थव्यवस्था और कॉर्पोरेट सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी को दर्शाता है।

**राजनीतिक भागीदारी-** स्थानीय प्रशासन (पंचायती राज) में भागीदारी में अच्छा सुधार हुआ है, लेकिन उच्च राजनीति में अभी भी कम प्रतिनिधित्व है।

**कानूनी अधिकार:** संपत्ति और कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए कानूनी ढांचा मजबूत हुआ है।

### प्रमुख समस्याएं

**सुरक्षा:** बलात्कार, घरेलू हिंसा, और उत्पीड़न की समस्या बनी हुई है।

स्वास्थ्यगत समस्याएं 15-35 आयु वर्ग की 57% महिलाएं एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित हैं। लैंगिक भेदभाव श्रम बाजार में अभी भी वेतन और वरिष्ठ पदों (प्रबंधकीय) में असमानता है। पुरुष प्रधान सोच समाज में अभी भी महिलाओं को कमजोर मानकर उनके विकास को रोकने वाली पितृसत्तात्मक सोच व्याप्त है।

वर्तमान समाज में शैतान की स्थिति में कई महत्वपूर्ण बदलाव आये हैं। पहले की बातें आज महिला शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति, विज्ञान, कला और खेल के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। समाज में सहायक को अब केवल गृहिणी की भूमिका तक सीमित नहीं माना जाता है, बल्कि वे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

महिलाओं को समान अधिकार देने के लिए कई कानूनी परियोजनाएं और विज्ञापन लागू किए गए हैं, जैसे कि शिक्षा का अधिकार, राष्ट्रीय अवकाश, और सुरक्षा के उपाय। इन उद्देश्यों के सिद्धांत महिलाएं आत्मनिर्भर और दलित बन रही हैं।

हालाँकि, अभी भी समाज के कुछ वैचारिक भेदभाव, घरेलू हिंसा, शराब प्रथा, और विचारधारा पर भेदभाव मौजूद हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और गरीब परिवारों में महिलाओं की स्थिति में अभी भी सुधार की आवश्यकता महसूस की जाती है।

महिला दिवस की सार्थकता तभी पूर्ण होगी जब पुरुष अपना दोहरा नज़रिया बदलेंगे। स्त्री को पुरूष कुछ नहीं दे सकता, ईश्वर ने उसे इतना सक्षम बनाया है, पुरुष स्त्री का सम्मान शब्दों से ही नहीं बल्कि व्यवहार से करें और स्त्री के स्वाभिमान को स्वीकारें उसकी सेवा को उसकी कमज़ोरी नहीं उसका स्नेह है पुरुष के लिए और इसी स्नेह से एक बच्चा ताकतवर पुरुष बनता है। जयहिन्द।

---

**रंगपंचमी** | **रविवार, 08 मार्च 2026**

### देवताओं की पूजा के साथ शुभ संस्कार का उत्सव



रंगपंचमी भी रजस और तमस पर विजय का प्रतीक है, जो ब्रह्मांड के 'पंच तत्व', (पृथ्वी, अग्नि, जल, आकाश और वायु) का सम्मान करता है। माना जाता है कि मानव शरीर भी इन्हीं पांच तत्वों से मिलकर बना है। इस पंचमी पर देवताओं की पूजा का आयोजन किया जाता है और किसी भी शुभ संस्कार के उत्सव को भी इसमें शामिल किया जाता है।

# देवताओं को समर्पित... गुलाल का उत्सव रंगपंचमी

**हिंदू धर्म में फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला होली उत्सव समाप्त नहीं होता, बल्कि इसके बाद भी रंग और उमंग चैत्र मास के कृष्णपक्ष की पंचमी तिथि तक बना रहता है। सनातन परंपरा में इस पावन पंचमी तिथि को रंगपंचमी पर्व के रूप में जानते हैं, जिसे देवताओं की होली के नाम से जाना जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार इस पावन तिथि पर देवी-देवता भी पृथ्वी पर होली खेलने के लिए आते हैं। रंगपंचमी भी रजस और तमस पर विजय का प्रतीक है, जो ब्रह्मांड के 'पंच तत्व', (पृथ्वी, अग्नि, जल, आकाश और वायु) का सम्मान करता है। माना जाता है कि मानव शरीर भी इन्हीं पांच तत्वों से मिलकर बना है। इस पंचमी पर देवताओं की पूजा का आयोजन किया जाता है और किसी भी शुभ संस्कार के उत्सव को भी इसमें शामिल किया जाता है।**



### रंगपंचमी कब है?

पंचांग के अनुसार चैत्र मास के कृष्णपक्ष की पंचमी तिथि 07 मार्च 2026 को सायंकाल 07:17 बजे से लेकर अगले दिन 08 मार्च 2026 को रात्रि 09:10 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार रंगपंचमी का महापर्व इस साल 08 मार्च 2026 को मनाया जाएगा।

### क्यों मनाया जाता है ?

रंगपंचमी पर्व के पीछे मान्यता है कि इस दिन देवलोक से सभी देवी-देवता पृथ्वी पर होली खेलने के लिए आते हैं। रंगपंचमी से जुड़ी मान्यता यह भी है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी के साथ होली खेली थी और इस होली में देवी-देवताओं ने उन पर पुष्प की वर्षा की थी। राधा-कृष्ण की इस होली में उनके साथ ग्वाले और गोपियों ने भी रंगोत्सव मनाया था। कुछ इसी आस्था को लिए लोग इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा की विशेष रूप से पूजा करते हैं और देवी-देवताओं का ध्यान करते हुए हवा में अबीर और गुलाल फेंकते हैं।

### रंगपंचमी का शुभ रंग

होली के पांचवें दिन मनाए जाने वाले रंगपंचमी का पर्व, जिसे देव पंचमी और कृष्ण पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन यदि भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को शुभ रंग से जुड़े गुलाल अर्पित किए जाएं तो शीघ्र ही उनकी कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होता है। हिंदू मान्यता के लिए रंगपंचमी पर लाल और गुलाबी रंग के गुलाल को पूजा में अर्पित करना अत्यंत ही शुभ माना गया है।

### कैसे करें रंगपंचमी की पूजा?

रंगपंचमी का पुण्यफल पाने के लिए इस पावन तिथि पर सूर्योदय से पहले उठकर तन और मन से पवित्र हो जाएं और उसके बाद लक्ष्मी और नारायण, भगवान श्रीकृष्ण और राधा की विधि-विधान से पूजा करें। रंगपंचमी की पूजा के लिए सबसे पहले ईशान कोण में एक मेज पर पीला कपड़ा बिछाकर उस पर राधा-कृष्ण का चित्र या मूर्ति को रखें। इसके बाद उन्हें गंगाजल या शुद्ध जल से स्नान कराएं और फिर उन्हें वस्त्र, चंदन, रोली, गुलाल, पुष्प, फल, धूप, दीप आदि अर्पित करते हुए उनके मंत्रों का जप या स्तोत्र का पाठ करके मंगलकामना करें। पूजा के अंत में राधा-कृष्ण की आरती अवश्य करें।

### रंगपंचमी के दौरान याद रखने योग्य बातें

- रंगपंचमी के दिन पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें।
- घर में धन और वैभव को आमंत्रित करने के लिए देवी लक्ष्मी को फूल चढ़ाएं।
- इसके बाद देवी की पूजा करें और उनके समक्ष घी का दीपक जलाएं।
- देवी लक्ष्मी की मूर्ति के सामने एक धूप-अगरबत्ती भी जलाएं।
- सफेद रंग देवी लक्ष्मी को बहुत प्रिय होता है, इसलिए धन की देवी को सफेद मिठाई का भोग लगा सकते हैं। आप विशेष लक्ष्मी पूजा करके भी धन की देवी को प्रसन्न कर सकते हैं।

### सनातन धर्म के अनुसार

मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता स्वयं पृथ्वी पर आते हैं और भक्तों के साथ होली खेलते हैं। इसी कारण इस दिन रंग और गुलाल उड़ाने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि रंगपंचमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की विशेष पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कहा जाता है कि इस दिन देवताओं को रंग अर्पित करने से वे प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं।



---

# सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करती हैं माता शीतला

**शीतला सप्तमी** | **मंगलवार, 10 मार्च**



चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्टमी को ठंडा खाने की परंपरा है। इन तिथियों को शीतला सप्तमी और शीतला अष्टमी कहा जाता है। इस साल शीतला सप्तमी 10 मार्च और शीतला अष्टमी 11 मार्च 2026 को है। इसे बसोड़ा भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन माता शीतला को ठंडा भोग अर्पित करते हैं।

### सनातन धर्म के अनुसार

शीतला माता को हिन्दू धर्म में रोग-निवारण की देवी के रूप में पूजा जाता है। वे मुख्य रूप से चेचक खसरा, बुखार और अन्य संक्रामक बीमारियों से रक्षा करने वाली माता मानी जाती हैं। शीतला माता की पूजा बच्चों को इन गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए और परिवार में स्वास्थ्य, शांति और रोगमुक्ति के लिए की जाती है। संतान की खुशहाली और अनंत सौभाग्य की प्राप्ति के लिए भी इस दिन व्रत किया जाता है।

### वैदिक पंचांग के अनुसार

शीतला सप्तमी का मुहूर्त-चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरुआत 11 मार्च को देर रात 01 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी और 12 मार्च को सुबह 04 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगी। यानी उदया तिथि गणना से 11 मार्च को शीतला अष्टमी मनाई जाएगी

### गर्दभ की सवारी करती हैं शीतला माता

मां शीतला शीत की देवी हैं। मां का वाहन गधा है। वह इसलिए, क्योंकि गर्दभ (गधा) चंद्र शक्ति प्रधान जीव है। चंद्र शक्ति प्रधान जीवों की विशेषता रहती है कि वे चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील नहीं होते हैं। मां शीतला का वाहन गधा संकेत देता है कि आक्रमण के समय अधीर नहीं होना चाहिए। कहते हैं कि शीतला रोग (छोटी माता) में गर्दभी का दूध, गधा जहां लोटता है उस स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण ठीक माना जाता है।

### ठंडा भोजन

धर्मशास्त्र में बासे भोजन को त्याज्य, यानी त्यागने योग्य कहा गया है। यह तामसी होने से बुद्धि को मंद करने वाला होता है, लेकिन यह कुछ विशेष परिस्थितियों में औषधि का काम करता है। दरअसल शीतला सप्तमी-अष्टमी बासा भोजन करने से रक्त के दबाव, यानी ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण होता है, जिससे रोगी को आराम मिलता है।

### बिना जलाए दीपक चढ़ाएं

पानी से बिना नमक के आटा गूंथकर इस आटे से एक छोटा दीपक बना लें। इस दीपक में रुई की बत्ती घी में डुबोकर लगा लें। यह दीपक बिना जलाए ही माताजी को चढ़ाया जाता है। पूजा के लिए साफ-सुथरे और सुंदर वस्त्र पहनना चाहिए। पूजा की थाली पर, कंडवारों पर तथा घर के सभी सदस्यों को रोली, हल्दी से टीका करें। शीतला सप्तमी का व्रत करने से शीतला माता प्रसन्न होती हैं तथा जो यह व्रत करता है, उसके परिवार में दाहज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े, नेत्र के समस्त रोग तथा ठंड के कारण होने वाले रोग नहीं होते।

### व्रत की विशेषता

इस व्रत की विशेषता है कि इसमें शीतलादेवी को भोग लगाने वाले सभी पदार्थ एक दिन पूर्व ही बना लिए जाते हैं और दूसरे दिन इनका भोग शीतला माता को लगाया जाता है। इसीलिए इस व्रत को बसोड़ा भी कहते हैं। मान्यता के अनुसार इस दिन घरों में चूल्हा भी नहीं जलाया जाता, यानी सभी को एक दिन बासी भोजन ही करना पड़ता है।

### वर-वधू करते हैं पूजन

शीतला माता का पूजन वर और वधू दाम्पत्य जीवन में प्रवेश से पहले भी करते हैं। हल्दी लगने से पहले लड़का और लड़की जो माता पूजन करते हैं, उसमें शीतला माता की ही पूजा की जाती है। परंपराओं में गणेश पूजन से भी पहले मातृका पूजन किया जाता है। जब विवाह से पूर्व वर या वधू मां की पूजा के लिए जाते हैं तो उस समय भी उनके ऊपर कपड़ा या चुनर से छांव कर दी जाती है और इसका अर्थ है कि ताप से जीवन की कोमलता नष्ट न हो, जीवन में क्रोध और आवेश नहीं हो और संपूर्ण जीवन शांति से बीते।

---

# दुर्लभ सिद्धि और शिववास योग में मासिक कृष्ण जन्माष्टमी

सनातन धर्म में चैत्र महीने का खास महत्व है। यह महीना जगत की देवी मां दुर्गा को समर्पित होता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक चैत्र नवरात्र मनाया जाता है। इस दौरान जगत की देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है, साथ ही उनके निमित्त नवरात्र का व्रत रखा जाता है। इसके साथ ही चैत्र महीने में कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें मासिक कृष्ण जन्माष्टमी कृष्ण पक्ष में मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर जगत के पालनहार भगवान कृष्ण की भक्तिभाव से पूजा की जाती है।

### वैदिक पंचांग के अनुसार

11 मार्च को चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि देर रात 01 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 12 मार्च को सुबह 04 बजकर 19 मिनट पर अष्टमी तिथि समाप्त होगी। अष्टमी तिथि पर निशा काल में भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। इसके लिए 11 मार्च को मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।



### मासिक कृष्ण जन्माष्टमी शुभ योग

ज्योतिषियों की मानें तो मासिक कृष्ण जन्माष्टमी पर दुर्लभ सिद्धि और शिववास योग का संयोग बन रहा है। सिद्धि योग का संयोग सुबह 09 बजकर 12 मिनट से है। इसके साथ ही शिववास योग का संयोग रातभर है। इन योग में भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा करने से साधक को मनचाहा वरदान फल मिलेगा।

### भगवान श्रीकृष्ण के मंत्र

- ॐ कृष्णाय नमः ॐ श्री कृष्ण शरणं ममः
- ॐ हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।।
- ॐ देवकिनन्दनाय विधमहे वासुदेवाय धीमहि तन्नो कृष्णःप्रचोदयात
- ॐ नमो भगवते तस्मै कृष्णाया कुण्ठमेधसे। सर्वव्याधि विनाशाय प्रभो माममृतं कृधि।।

---

# किस्मत के ताले खोलेगा आपका सिग्नेचर

**अनन्या मिश्रा**

हस्ताक्षर करना सिर्फ नाम लिखने का तरीका नहीं होता है, बल्कि यह आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, भविष्य और सफलता की इछाओं को भी दर्शाता है। योतिष और हस्तरेखा विज्ञान की एक शाखा है, जिसको हस्ताक्षर शास्त्र या ग्राफोलॉजी कहा जाता है। इसके मुताबिक हस्ताक्षर में किया गया छोटा सा बदलाव हमारे जीवन की दिशा को बदलने का काम कर सकता है। जब भी हम हस्ताक्षर करते हैं, तो हमारा अवचेतन मन ही अक्षर के आकार और गति को तय करता है। बता दें कि हस्ताक्षर का पहला अक्षर हमारे स्व या आत्म-सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए यह जानना बेहद जरूरी है कि नाम का पहला का पहला अक्षर बड़ा होना चाहिए या छोटा। जिससे आपके भाग्य और करियर पर इसका शुभ असर पड़े। हस्ताक्षर में नाम का पहला अक्षर छोटा या बड़ा हस्तशास्त्र के मुताबिक नाम के पहले अक्षर का आकार आपके कॉन्फिडेंस और दुनिया को



आपकी पहचान दिलाने की इच्छा को दर्शाता है। योतिष शास्त्र और ग्राफोलॉजी दोनों में ही इस बात को माना जाता है कि हमेशा हस्ताक्षर का पहला अक्षर बड़ा होना चाहिए। बड़े से मतलब है कि आकार में भी और कैपिलट लेटर के रूप में है। यह आपकी जन्मकुंडली में कॉन्फिडेंस और नेतृत्व क्षमता के कारकों जैसे सूर्य और मंगल ग्रह को मजबूत करता है। हस्ताक्षर का पहला बड़ा अक्षर बताता है कि जातक में महत्वकांक्षा, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और पहचान बनाने की तीव्र इछा है। ऐसा जातक हमेशा अपनी पहचान को महत्व देता है और साथ ही समाज में सम्मान पाने के लिए कड़ी मेहनत करता है। नेतृत्व की भूमिकाओं को निभाने, करियर के शिखर को छूने और जीवन में सफलता पाने के लिए हस्ताक्षर का पहला अक्षर बड़ा रखना बेहद शुभ माना जाता है। तो इसको शुभ नहीं माना जाता है। पहला अक्षर छोटा होने पर यह झिझक, आत्मविश्वास की कमी, संकोच या आत्मसम्मान की भावना में कमी को दर्शाता है। माना जाता है कि ऐसा व्यक्ति अपनी क्षमताओं को कम आंकता है या फिर समाज में अपनी पहचान बनाने में हिचकिचाता है। यह लोग आसानी से दूसरों के प्रभाव में आ सकते हैं। बड़ी सफलता या फिर करियर में उच पद पाने के लिए यह पैटर्न शुभ नहीं माना जाता है। क्योंकि ऐसे व्यक्ति के व्यक्तित्व को कम महत्वाकांक्षी या दब्बू दिखाता है। ज्योतिष और हस्ताक्षर विज्ञान के मुताबिक हस्ताक्षर में नाम का पहला अक्षर हमेशा बड़ा बनाना चाहिए। यह न सिर्फ भाग्य के दरवाजे खोलता है, बल्कि आपके अवचेतन मन को भी संकेत देता है कि आप बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार हैं।

# दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फिर शुरू हुई उड़ानें, मिसाइल का मलबा गिरने से हुई थी बंद

नई दिल्ली

मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मिसाइल का मलबा गिरने से विमानों की उड़ान अनिश्चितकाल के लिए रोक दी गई थी। जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस बीच यात्रियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

मिसाइल हमले के मलबे के कारण उड़ानों पर लगी रोक को हटा दी गई है। एयरपोर्ट प्रशासन ने आज 7 मार्च से आंशिक रूप



से विमानों की आवाजाही फिर से शुरू कर दी है।

एयरलाइन का कहना है कि जिन यात्रियों की शनिवार दोपहर की उड़ान के लिए बुकिंग पक्की हो चुकी है, वे अब हवाई अड्डे जा सकते हैं, लेकिन एयरलाइन स्थिति पर नजर रखना जारी रखेगी।

बता दें कि दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक, दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी द्वारा दागी गई मिसाइल का मलबा शनिवार सुबह गिर गया। जिसके बाद एयरपोर्ट से सभी उड़ानें रोक दी गईं। हालात सामान्य होने के बाद उड़ानों को शुरू किया गया है।


एयरपोर्ट ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, आज (7 मार्च ) हमने आंशिक रूप से संचालन फिर से शुरू कर दिया है और कुछ उड़ानें DXB और DWC से संचालित हो रही हैं। कृपया एयरपोर्ट की ओर तब तक न जाएं जब तक आपकी एयरलाइन आपसे संपर्क करके यह पुष्टि न कर दे कि आपकी फ्लाइट कन्फर्म है, क्योंकि उड़ानों का शेड्यूल लगातार बदल रहा है।

# पहले पड़ोसी देशों पर हमला न करने का वादा, फिर दुबई-अबूधाबी पर मिसाइल दाग कर ईरान ने बताया, 'आई एम जोकिंग'

तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिश्कियान की तरफ से पड़ोसी देशों पर अटैक के लिए माफी मांगने और फिर से ऐसा न दोहराने के वादे को किए कुछ ही देर बीते थे कि अब दुबई और अबूधाबी पर ईरान के अटैक की खबरों ने सभी को चौंका दिया है।

दुबई में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं, जिसके चलते शहर के विश्व के दूसरे सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर उड़ानें स्थगित करनी पड़ीं। ईरानी राष्ट्रपति ने ऐलान करते हुए कहा था कि ईरान के अंतरिम नेतृत्व परिषद ने कल यह मंजूरी दी कि पड़ोसी देशों पर अब हमले नहीं किए जाएंगे, बशर्ते कि ईरान पर हमला वहीं से न हो। लेकिन अब खबर है कि सरकार ने हवाई सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय करने की बात कही, वहीं दुबई से उड़ान भरने का इंतजार कर रहे यात्रियों को अलर्ट बजने के बाद विशाल हवाई अड्डे की सुरंगों में ले जाया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने एएफपी को बताया कि हवाई अड्डे के ऊपर एक धमाके की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद हवा में धुएं का गुबार छा गया। कई निवासियों ने एसोसिएटेड प्रेस को शहर भर में हुए धमाकों



के बारे में बताया।

मध्य पूर्व में जारी अस्थिरता के मद्देनजर इंडिगो यात्रियों को नवीनतम जानकारी से अवगत रहने की सलाह देती है। एयरलाइन सुरक्षा और नियामक स्वीकृतियों के अधीन, पांच क्षेत्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करते हुए यात्रियों को उनके प्रियजनों से मिलाने के प्रयास जारी रखे हुए है। समय सारिणी में अप्रत्याशित परिवर्तन हो सकते हैं। हवाई अड्डे जाने से पहले यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना इंडिगो की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उसके सशस्त्र बलों ने देश को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमले को नाकाम कर दिया है। अधिकारियों द्वारा स्थिति का आकलन किए जाने के कारण, हमले में शामिल मिसाइलों की संख्या या लक्षित लक्ष्य के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, कतर के आंतरिक मंत्रालय ने पहले देश में सुरक्षा खतरे का स्तर हाई कर दिया था और निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह करते हुए मोबाइल अलर्ट भेजे थे। इस अलर्ट से चिंता पैदा हो गई क्योंकि अधिकारी खाड़ी देश में स्थिति पर नज़र रख रहे थे। कुछ ही मिनटों बाद, एक और संदेश में पुष्टि की गई कि खतरा निष्क्रिय हो गया है और कहा गया है कि सुरक्षा खतरा समाप्त हो गया है और स्थिति सामान्य हो गई है, जिससे निवासियों को आश्वस्त किया गया कि हालात सुरक्षित हैं।

नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, शनिवार तड़के दक्षिणी लेबनान के जिबचित में एक इजरायली हवाई हमले में एक रिहायशी इमारत नष्ट हो गई, जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत कम से कम छह लोग मारे गए। इससे पहले, लेबनानी अधिकारियों ने नबी चित में रात भर हुए हमलों में 16 लोगों की मौत और 35 लोगों के घायल होने की पुष्टि की थी, जिससे दक्षिणी लेबनान में बढ़ती हिंसा का पता चलता है।

# 120 देशों में बैन..खलीफा के ब्रह्मास्त्र से खाड़ी में खलबली नरसंहार वाला रक्तबीज इजरायल में लाएगा तबाही!

नई दिल्ली



ईरान मिडिल ईस्ट में बारूदी कोहराम मचाने के लिए किलर मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोंस का इस्तेमाल कर रहा था। मगर बीते 24 घंटों से ईरानी सेना इजराइल समेत खाड़ी के कई मुल्कों को दहलाने के लिए क्लस्टर बम का इस्तेमाल कर रही है। यह हथियार युद्ध में वैसे तो बैन है। दुनिया के 120 से ज्यादा देशों ने विनाशक क्लस्टर बम को बैन कर रखा है क्योंकि क्लस्टर बम मिसाइल एक नरसंहार का हथियार है। एक मिसाइल रक्तबीज की तरह छोटे-छोटे घातक मिसाइलों में बदल जाती है और फिर मचाती है भयंकर तबाही। ऐसा विनाशक जिसका इस्तेमाल युद्ध में नाजायज, एक ऐसा विस्फोटक जिसे दुनिया के 120 से ज्यादा देशों ने बैन कर रखा है। एक ऐसा विधंस जिसके एक प्रहार से ही भीषण नरसंहार हो सकता है। उसी प्रलयकारी बम का इस्तेमाल ईरान कर रहा है।

इजराइल में तबाही मचाने के लिए, मिडिल ईस्ट को सुलगाने के लिए, मुस्लिम वर्ल्ड में सनसनी मचाने के लिए, आसमान से बरसते यह वही बारूदी शोले हैं जिसने बीते 24 घंटों से इजरैली जमीन पर कोहबराह मचा रखा है। असल में यह प्रतिबंधित क्लस्टर बम जिन्हें ईरान अपनी मिसाइलों से लैस करके इजराइल पर हमला कर रहा है। वो भी ताबड़तोड़ अंदाज में। ईरान के क्लस्टर बम मिसाइल हमले से इजराइल भी करा उठा है। क्योंकि ईरान का यह विनाशक ना सिर्फ इजराइल के रिहाइशी इलाकों को दहला रहा है बल्कि ऐसी तबाही मचा रहा है जिसकी कल्पना इजराइल ने कभी की ही नहीं थी। क्योंकि क्लस्टर बम मिसाइल खास तरह का हथियार है जिसमें कई छोटे-छोटे विस्फोटक बम भरे होते हैं। इन वॉर हेड्स को सबनेशन या बमलेट कहते हैं। यह लक्ष्य के पास पहुंचने से पहले हवा में फटता है जिससे दर्जनों बम अलग-अलग दिशाओं में गिरते हैं। यानी ईरान एक मिसाइल के जरिए इजरली सरजमी पर कई धमाके कर रहा है और ईरान का यही बारूदी प्रहार नतन्याहू के होश उड़ा रहा है। इजराइल में बारूदी भूचाल लाने के लिए, क्लस्टर बमों से प्रचंड तबाही मचाने के लिए अपने सबसे विध्वंसक ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल कर रहा है ईरान जिसका नाम है हुर्रम शहर फोर मिसाइल। जो एक मीडियम रेंज बैलेस्टिक मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता करीब 2000 किमी है। इस मिसाइल का कुल वजन 30 टन है।

# सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर अखिलेश ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती।

उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक



बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा, हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई।

इस बीच, आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार-बार सपा की नई-नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए कट्टा वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार के दौरान सबसे अधिक थर्मल पावर प्लांट लगाए गए और विकास के कई बड़े काम किए गए। वहीं सपा में शामिल हुए रोहित पांडेय ने कहा कि भाजपा देश को पीछे ले जा रही है, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का विजन साफ है। उन्होंने कहा कि पहले यह धारणा थी कि सवर्ण वोट केवल भाजपा को मिलता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने इस धारणा को तोड़ दिया है।

# जो हिम्मती होगा वो गाय के पक्ष बोलेगा: अविमुक्तेश्वरानंद

वाराणसी, (वार्ता)

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जो गाय के पक्ष में होगा, वह गोहत्या पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को गंगा माता, गौ माता, चिंतामणि गणेश मंदिर और संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और रात्रि विश्राम के साथ आगे बढ़ेगी तथा 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। शंकराचार्य ने कहा कि लखनऊ पहुंचने पर आगे का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। वहां से गौ माता की रक्षा को लेकर बड़ी आवाज उठेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के समर्थन वाले बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यही मौका है कि गौ माता को लेकर कौन पक्ष में है और कौन विपक्ष में। लोग अपने शब्दों और



अभिव्यक्ति से स्पष्ट कर रहे हैं कि वे किस तरफ हैं। शंकराचार्य ने आगे कहा, जो गाय के पक्ष में होगा, वह बोलेगा कि गोहत्या बंद हो। जो हिम्मत वाला होगा, वह खुले तौर पर कहेगा। जो बुजदिल, मक्कार या कालनेमी जैसा है, वह कुछ नहीं बोलेगा। हर जगह दो फाड़ है ,सच्चे हिंदू भी हैं और नकली हिंदू भी। शंकराचार्य ने कहा कि यात्रा की अनुमति की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने संकट मोचन हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा, संकट मोचन हनुमान जी संकटों को मिटा देते हैं। आज गौ माता पर संकट है। हनुमान जी बड़े गौ भक्त हैं। अधर्मियों ने हजारों गायों को हत्या के लिए बांध रखा था। उन्होंने संकल्प लेकर अहिरावण और महिरावण का संहार किया और गायों की रक्षा की। उसी समय उन्होंने पंचमुखी हनुमान जी का रूप धारण किया था। शंकराचार्य चार दिनों तक चलने वाली यात्रा में जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव होते हुए 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे।

# सऊदी अरब ने तेल क्षेत्र और हवाई अड्डा पर हमले की कोशिश को नाकाम करने का किया दावा

**रियाद (वार्ता)।** सऊदी अरब ने एक तेल क्षेत्र की जा रहे छह ड्रोन और एक हवाई अड्डा की तरफ जा रही एक बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया है कि ड्रोन को एम्प्टी क्वार्टर में मार गिराया गया, जो देश के दक्षिण में एक बड़ा रेगिस्तान है। इस क्षेत्र में शायबा तेल क्षेत्र सहित कई अन्य तेल भंडारों का स्थल है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन्हें लक्षित करके ड्रोन से हमला किया गया था, लेकिन उन्हें मार गिराया गया। सऊदी अरब की तेल कंपनी अरामको के अनुसार यह केंद्र हर दिन 10 लाख बैरल तेल का उत्पादन करता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार बैलिस्टिक मिसाइल प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डा की तरफ जा रही थी। गौरतलब है कि फरवरी में ईरान पर हमल करने से पहले पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य तैयारी के हिस्से के तौर पर अमेरिकी वायु सेना एक विमान ने इस हवाई अड्डा का इस्तेमाल किया था।

# राष्ट्रीय राजधानी में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य है : सूद

नयी दिल्ली (वार्ता)

दिल्ली के शिक्षा, शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर जीवन-स्तर उपलब्ध कराना है। श्री सूद ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के सी 1ए ब्लॉक तथा सी -2 ब्लॉक में लगभग 1.60 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इन दोनों ब्लॉक के लोगों की लंबे समय से मांग थी की उनके क्षेत्रों में सीवर, पानी की पाइप लाइनों के काम, डेन्स कारपेटिंग, सड़क निर्माण आदि के काम पिछली सरकार के समय से ही लंबित है। उन्होंने कहा कि आज जनकपुरी के सी 1ए ब्लॉक में लगभग 86.37 लाख की लागत से कई महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें सीवर लाइन बिछाने का कार्य, ड्रेन और सड़क का निर्माण तथा डेंस कारपेटिंग का कार्य शामिल है। इन कार्यों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा और स्थानीय निवासियों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा। इसके साथ ही सी -2 ब्लॉक, जनकपुरी में लगभग 73.91 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



# 'धुरंधर' के बाद सोलो लीड फिल्म में काम करेंगे अर्जुन रामपाल

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की ज़बरदस्त सफलता के बाद अर्जुन रामपाल एक दमदार सोलो लीड के साथ फिर से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह नई, अभी अनटाइटल्ड फैमिली ड्रामा फिल्म मनोरंजन के साथ एक मजबूत सामाजिक संदेश भी लेकर आती है। कहानी जीवन की सादगी, अपनी जड़ों से जुड़ाव और उन रिश्तों का जश्न मनाती है जो सच में मायने रखते हैं। यहाँ कोई घिसा-पिटा मसाला नहीं, बल्कि दिल को छू लेने वाली, अपनेपन से भरी और पूरे परिवार के साथ देखने लायक कहानी है, जो हमें अपनी विरासत और अपनों की कद्र करना याद दिलाती है।

यह फिल्म अर्जुन रामपाल और लेखक-निर्देशक शैलेश वर्मा की पहली साथ काम करने वाली फिल्म है। इसे पारस सॉफ्टवेयर एंड एंटरटेनमेंट और वेमो मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म अगस्त 2026 के मध्य में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने की तैयारी में है। वेमो के एमडी डॉ. विकास कुमार मोदी और शैलेश वर्मा इस साल तीन ऐसी फिल्मों की लाइनअप लेकर आ रहे हैं जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली और मजबूत मूल्यों पर आधारित होंगी।

# 71 वर्ष के हुए अनुपम खेर

चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर आज 71 वर्ष के हो गए।


अनुपम खेर का जन्म 07 मार्च 1955 को शिमला में हुआ था। उनके पिता पुष्कर नाथ एक कश्मीरी पंडित थे और हिमाचल प्रदेश के वन विभाग में क्लर्क थे। अनुपम ने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला के डीएवी स्कूल से की।बाद में, उन्होंने शिमला के संजौली स्थित सरकारी कॉलेज में अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। उन्होंने चंडीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय में भारतीय रंगमंच का अध्ययन करने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। अनुपम खेर ने 1978 में नई दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक किया। इसके बाद वह रंगमंच से जुड़ गए। 80 के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए हुए उन्होंने मुंबई में कदम रखा।अनुपम खेर महज 37 रुपये लेकर घर से निकले थे और वो सपनों के शहर मुंबई आए थे। शुरुआती दिनों में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इतना ही नहीं उन्हे कई रातें प्लेटफार्म पर गुजारनी पड़ी थी। तीन साल तक उनके पास कोई काम नहीं था। बतौर अभिनेता उन्हें वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म आगमन में काम करने का मौका मिला, लेकिन फिल्म के असफल हो जाने के बाद वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो सके।



वर्ष 1984 में अनुपम खेर को महेश भट्ट की फिल्म सारांश में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उन्होंने एक वृद्ध पिता की भूमिका निभाई जिसके पुत्र की असमय मृत्यु हो जाती है। अपने इस किरदार को अनुपम ने संजीदगी के साथ निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। वर्ष 1986 में उन्हें सुभाष घई की फिल्म कर्मा में बतौर खलनायक काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके सामने अभिनय सम्राट दिलीप कुमार थे, लेकिन अनुपम खेर अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे।

फिल्म कर्मा की सफलता के बाद बतौर खलनायक अनुपम खेर अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। अपने अभिनय मे आई एकरूपता को बदलने और स्वंय को चरित्र अभिनेता के रूप में भी स्थापित करने के लिए अनुपम खेर ने अपनी भूमिकाओं में परिवर्तन किया। इस क्रम में वर्ष 1989 मे प्रदर्शित सुभाष घई की सुपरहिट फिल्म राम लखन में उन्होनें फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के पिता की भूमिका निभाई। फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।वर्ष 1989 में अनुपम खेर के सिने करियर की एक और अहम फिल्म डैडी प्रदर्शित हुई। फिल्म में अपने भावुक किरदार को उन्होंने सधे हुए अंदाज में निभाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने दमदार अभिनय के लिए वह फिल्म फेयर समीक्षक पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कार के स्पेशल यूरी पुरस्कार से सम्मानित किए गए। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म ओम जय जगदीश के जरिए अनुपम खेर ने फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। हालांकि, फिल्म टिकट खिड़की पर बुरी तरह से विफल साबित हुई।वर्ष 2005 में अनुपम खेर ने फिल्म मैंने गांधी को नहीं मारा का निर्माण किया। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें कराची इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कई हॉलीवुड फिल्मों में भीअपने अभिनय का जौहर दिखाया है। 2000 के दशक में अनुपम ने दर्शकों की पसंद को देखते हुए छोटे पर्दे का भी रुख किया और से ना समथिंग टु अनुपम अंकल और सवाल दस करोड़ का बतौर होस्ट काम कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

वर्ष 2007 में अपने मित्र सतीश कौशिक के साथ मिलकर अनुपम ने करोग बाग प्रोडक्शन कंपनी की स्थापना की जिसके बैनर तले तेरे संग का निर्माण किया। वह अपने सिने कैरियर में आठ बार फिल्म फेयर पुरस्कार से नवाजे जा चुके हैं। फिल्मों में कई भूमिकाएं निभाने के बाद अनुपम नेशनल सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष भी बने।इसके अलावे उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में बतौर निदेशक 2001 से 2004 तक काम किया। फिल्म क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए अनुपम खेर को पद्मश्री और पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने चार दशक लंबे सिने करियर में 550 फिल्मों में काम किया। वह आज भी जोशोखरोश के साथ फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं।



# रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का ट्रेलर हुआ रिलीज़

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज ने आदित्य धर की स्पाई-एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। ट्रेलर में रणवीर सिंह जसकीरत सिंह रंगी के किरदार में दमदार अंदाज़ में लौटते नजर आते हैं। इस बार वह दो अवतारोंजसकीरत और हमज़ा में दिखाई देंगे। कहानी में और मजबूती जोड़ते हुए आर. माधवन रणनीतिक मास्टरमाइंड अजय सान्याल के रूप में नजर आते हैं, अर्जुन रामपाल आईएसआई मेजर इकबाल के रूप में एक खतरनाक और प्रभावशाली किरदार निभाते दिखाई देते हैं, जबकि संजय दत्त एसपी चौधरी असलम के रूप में दमदार मौजूदगी दर्ज कराते हैं। तेज़ रफ्तार एक्शन, धारदार संवाद और ऐसे कई पल ट्रेलर में दिखाई देते हैं जो सिनेमाघरों में सीटियां बजवाने का दम रखते हैं। यह ट्रेलर एक बड़े बदले की कहानी की झलक देता है, जिसे बेहद भव्य पैमाने पर पेश किया गया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और बी62 स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'धुरंधर द रिवेंज' पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। इस हाई-ऑक्टेन स्पाई-एक्शन फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, निर्देशित और प्रोड्यूस किया है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने भी किया है। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में मनाया महिला दिवस



नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में एम आई एम टी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की जिला अध्यक्ष विवेक पांडे राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की प्रदेश अध्यक्ष अरुणा दुबे, सर ब्राह्मण महिला एकता परिषद की नगर अध्यक्ष सुनंदा भट्ट राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी एवं दोनों संगठन की संरक्षक सरला पांडे के मार्गदर्शन में इस वर्ष महिला दिवस नारी एक उड़ान थीम के तहत मनाया गया , जिसमें शहर की उन कर्मठ बहनों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए ओजस्विनी सम्मान से सम्मानित किया गया, जिन्होंने एक जज्बे और हौसले की उड़ान भरी और कामयाबी हासिल की। शहर की राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना मुकाम बनाने वाली सभी बहनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नंदिता चौबे, नीरा बुधौलिया, सुभावना पांडे के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना के साथ की गई। अगले चरण में राधा तिवारी, भगवताचार्य शुभी दुबे, सुश्री इंदु सिंह, प्रियंका खेमरिया, राजमणि दुबे, प्रतिभा नेमा, नैना शर्मा , प्रीति रैकवार , वत्सला त्रिवेदी एवं ममता पाठक को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दो पीढ़ी एक शक्ति नाटक का मंचन सपना शर्मा, कीर्ति पालीवाल, प्रियंका पाठक, शालू शर्मा, मंजू दुबे, संचिता दुबे के द्वारा किया गया। कृपालु नाट्य संस्थान एवं फिनिक्स पब्लिक स्कूल की बच्चियों के द्वारा बेहद शानदार नृत्य कीप्रस्तुति दी गई। रजनी राजोरिया एवं सविता महोबिया के द्वारा होली का रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शालिनी दुबे, मंजू लता पांडे , पूर्णिमा शुक्ला, प्रवीणा गोस्वामी, संध्या कोठारी , निशा सोनी, ज्योति चौहान, सुमन साहू , भारती कौरव , भारती ठाकुर , शिखा साहू , अर्चना सोनी, मनीषा ताम्रकार, सुधी नेमा, विनीता चौरसिया, शोभना पाल, राजमार्ग से पधारे निशा संजय शर्मा, शुभा शुक्ला, अनुपमा डबरैया, मयूरिका तिवारी उर्मिला मिश्रा, आरती व्यास, नीलू तिवारी , सोमा सरकार, नीलू साहू, मीनाक्षी पुरोहित,रेनू शर्मा ,नीता ढिमोले,रेनू नौरिया, सुनीता राजपूत ,प्रीति पाराशर ,सुरुचि साहू अंजलि साहू बबीता चौबे आराधना दुबे प्रियंका गोस्वामी सुषमा मिश्रा, विंध्या तिवारी ,मनीषा पुरोहित ,रचना त्रिवेदी, नीता शर्मा, पुष्प लता शर्मा ,आशा भाटली, प्रीति गोस्वामी, भारती रघुवंशी, मीना शर्मा, संगीता बेदी ,संगीता दुबे, दीप्ति दुबे ,श्रेया पांडे ,ज्योति पचौरी, मोनिका तिवारी, रक्षा पालीवाल, योगिता चौबे ,संगीता शर्मा, स्मिता श्रीवास, अंजली दुबे बहनों की सराहनीय उपस्थिति रही।

# जिले की बालिकाओं ने नेशनल, स्टेट और स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया गौरव

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले की बेटियों ने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। जिला वॉलीबॉल संघ, खेल विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले की बालिकाओं ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर तक पहुंचकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी मानसी कुशवाहा,इच्छा मेहरा और वीनू ठाकुर ने सीनियर नेशनल हेतु प्रदेश टीम में चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है, जबकि आयुषी ठाकुर ने स्कूल सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया ।इसी क्रम में वैष्णवी नेमा, निधि पटवा और खुशी जाट यूथ नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। वहीं आराध्या विश्वकर्मा ने सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया ।अन्तर्विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में निहारिका गिरी, कनुप्रिया तिवारी(बरमान), वैष्णवी नेमा और ईशु विश्वकर्मा ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। गोटेगांव की साध्वी पगारे ने जूनियर स्टेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान बनाया। सब जूनियर स्टेट प्रतियोगिता में सोनिया मेहरा, इरम कुरैशी, शिवानी मेहरा, टीना कहार, सपना चौधरी, प्रतिज्ञा छिपा, श्रद्धा कहार, शुभ्रा लोधी, महिमा सोनी तथा बरमान से कल्याणी नोरिया और काजल मांझी ने शानदार प्रदर्शन किया ।इसी प्रकार स्टेट सब जूनियर प्रतियोगिता में नरसिंहपुर की अनन्या राव, अमीषा शर्मा, गोटेगांव की अदिति पाराशर, लेखा परसवार, गाडरवारा की पावनी कहार और मोहिनी कहार ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया ।स्कूल स्टेट सीनियर प्रतियोगिता में आयुषी ठाकुर, ऋच्चा राजपूत, सपना चौधरी (नरसिंहपुर), मानसी लोधी (गोटेगांव) और अंशिका कुर्मी (गाडरवारा) ने अपनी प्रतिभा दिखाई एवं स्कूल जूनियर स्टेट प्रतियोगिता हेतु गाडरवाड़ा की सोनिया साहू ने सम्भाग टीम में स्थान बनाया। वहीं आराध्या विश्वकर्मा (नरसिंहपुर) और आस्था बाल्मीकि (गाडरवारा) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया ।सीनियर स्टेट प्रतियोगिता में पारुल नेमा, ईशु विश्वकर्मा, कनुप्रिया तिवारी, कल्याणी नोरिया, अनुष्का यादव और शना शाह ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। 9 बेटियों ने मध्यप्रदेश दल में स्थान बनाया,6बेटियों ने विश्वविद्यालय टीम में और 32 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु संभाग और जोन दल में चयनित हुई ।जिला वॉलीबाल संघ अध्यक्ष संरक्षक पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि प्रतियोगिताओं में पहुंचकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करने से बेटियों में खेलों के प्रति आत्मविश्वास और भागीदारी लगातार बढ़ रही है ।जिससे जिले की बेटियां खेलों में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। महिला दिवस के अवसर पर इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपलब्धियां जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है ।व्हालीवाल जोनल सेक्रेटरी नर्मदापुरम जोन श्री मनीष कटारे ने कहा कि इन सभी बेटियों की उपलब्धियां यह सिद्ध करती हैं कि अवसर और प्रोत्साहन मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकती हैं ।जिले की बालिका खिलाड़ियों की सफलता पर जिला वॉलीबाल के संरक्षक श्री जालम सिंह पटैल,श्री संजय शर्मा,श्री सुनील जायसवाल,श्री तरुवर सिंह,श्री नीरज महाराज,अजय प्रताप पटैल,विक्रांत पटैल, अजीत ठाकुर,ठा हेमेंद्रसिंह एवं पदाधिकारी श्री मृदुलेश दुबे,श्री प्रमेश शर्मा,श्री नृपेंद्र शर्मा,श्री योगेश शर्मा,श्री लीलाधर पटैल, श्री एस एन मिश्रा,श्रीमती सुनीता यादव,आर बी उइके,अनुज जैन,रघुवीर लोधी,विजय विश्वकर्मा,नीरज पटैल,दिग्विजय रघुवंशी,आशीष नामदेव,पंकज नेमा,लकी दुबे,मुकेश परिहार,शाकिर हुसैन,सतीश डेहरिया,अभिनव चौकसे,रोहित विश्वकर्मा,विजय सेन,नवनीत पटैल,सतेंद्र पटैल, राकेश पटैल, दीपक विश्वकर्मा,योगेश सोनी,अंजिता वर्मा,महेंद्र कौरव,मुकेश पटैल,परेश शर्मा,विपुल शर्मा,फरहीन शेख,पवन राय,अमन रजक,शहबाज,यशवंत सिलावट,अमर मेहरा आदि ने बालिका खिलाड़ियो की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।



# क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल परीक्षा संपन्न

## हिंदी विषय के प्रश्न पत्र से हुआ समापन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** बीते शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई । इस परीक्षा मे सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की पाली मे छात्र छात्राओं ने हिंदी विषय का परचा हल किया। परीक्षा शुरू होने के पूर्व थानो से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी मे सीलबंद प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक लाया गया जिन्हे सीधे परीक्षा केंद्रों के कमरों मे पेपर शुरू होने के 5 मिनिट पूर्व पर्यवेक्षको ने छात्र छात्राओ को वितरित किया।

विदित हो कि होली के बाद शुक्रवार को परीक्षा के दिन नगर के परीक्षा केंद्रों बीटीआई स्कूल, कन्या नवीन, कन्या शाला एवं आदर्श उ मा विद्यालय मे सुबह से ही नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के परीक्षार्थी एकत्रित होना शुरू हो गए थे।

उल्लेखनीय हैं कि पेपर के लिए छात्र छात्राओं को सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गये थे। अंतिम दिन परीक्षा केंद्रों पर छात्र छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई। उक्त परीक्षा हेतु क्षेत्र साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रो मे भी केंद्र बनाये गए थे। परीक्षा की सुचिता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए जिला व विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल तैयार किए गए थे। परीक्षा के अंतिम दिन कन्या शाला गाडरवारा से परीक्षा देकर निकल रहे छात्र छात्राओं ने बताया कि हिंदी का परचा सामान्य था जो निर्धारित समय सीमा में हल हो गया था । परीक्षा के बाद मौज मस्ती करेंगे। आज शनिवार 7 मार्च को हायर सेकण्डरी परीक्षा का समापन होगा ।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा नरसिंहपुर के निर्वाचन संपन्न



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ की जिला शाखा नरसिंहपुर के निर्वाचन संघ के प्रदेश मंत्री एवं निर्वाचन अधिकारी रजनीश विश्वकर्मा, जिला संरक्षक गजेन्द्र नायक, संभागीय सचिव प्रदीप पटेल जिलाध्यक्ष संजय लमानिया, सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष भोजराज उपाध्याय, की उपस्थिति में लोकतांत्रिक एवं शांति पूर्ण स्थानीय होटल सावित्री सिग्नेचर में संपन्न हुये। बैठक के प्रारंभ में भगवान विश्वकर्मा की पूजन-अर्चन पश्चात संगठन का गीत दिनेश परतेती द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल फूलमाला से जिले की सभी तहसील एवं विकासखण्ड शाखाओं के पदाधिकारियों एवं मातृ शक्ति द्वारा स्वागत किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष संजय लमानिया द्वारा जिले का वृत प्रस्तुत किया गया एवं संगठन द्वारा प्रदेश में कर्मचारी हितैषी गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिला कोषाध्यक्ष आर.आर. अवस्थी द्वारा सदस्यता की जानकारी दी गई। संगठन के जिला अध्यक्ष संजय लमानिया द्वारा कार्यकाल पूर्ण होने पर संघ की जिला इकाई को भंग करने की घोषणा की, निर्वाचन कार्यक्रम में सर्व सम्मति से जिले की निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश विश्वकर्मा द्वारा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष भीकमसिंह कौरव, कार्यकारी अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, जिला सचिव दिनेश परतेती, कोषाध्यक्ष दीपक वाजपेई, निर्वाचित घोषित किये गये।

सभी मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा जिले की संगठनात्मक गतिविधि की जानकारी दी गई। जिला संरक्षक गजेन्द्र नायक द्वारा कर्मचारी हित में जिला संगठन द्वारा किये गये, प्रयास पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं संभागीय सचिव प्रदीप पटेल द्वारा जिला संगठन द्वारा कर्मचारी हित में किये गये कार्यो की सराहना की।

जिले के निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया संगठन के सेवा निवृत पदाधिकारी गजेन्द्र नायक, संजय लमानिया, आर.आर. अवस्थी, महेश अधरूज, मुकेश दुबे, बी.डी. रजक, राजेन्द्र सोनी, का शाल श्रीफल एवं पुष्पमाला द्वारा सम्मान किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, तहसील नरसिंहपुर में क्रमशः लालजी प्रसाद गिरदोनिया, जगतसिंह ठाकुर, सौरभ उपाध्याय, तहसील गोटेगांव राकेश मेहरा, पूरनसिंह मुडिया, विपिन पाण्डे, तहसील करेली धर्मेन्द्र चैरसिया, आशीष दुबे, सुर्यकांत परिहार, तहसील गाडरवारा, रत्नेश चैबे, प्रमोद पठारिया, अंकित जैन, तहसील तेन्दूखेडा अभिलाष शर्मा, अभयकुमार सोनी, मिथलेश पाटकार, विकासखण्ड नरसिंहपुर आशीष नामदेव, अरूण दीक्षित, विक्रम राधाकृष्णन, विकासखण्ड गोटेगांव अनुपम तिवारी, प्रदीप पटेल, रूपचंदन नामदेव, विकासखण्ड करेली आर.के. उईके, प्रणव शिवाशीष सोनकिया, कृष्णचंद जाट, विकासखण्ड साईखेडा रामपालसिंह राजपूत, पंकज पाठक, प्रमोद ढिमोले, विकासखण्ड चीचली नरेश मेहरा, अशोक कौरव, हरीश मेहरा, विकासखण्ड चावरपाठा मनीष तिवारी, आदर्श रिछारिया, के साथ ही जिला कार्यकारिणी में श्रीमति ऊषा पचैरी, श्रीमति रितु जैन, श्रीमति अंजूदेवी जाटव, अनंद पिपरोनिया, मुकुल जैन, रामनरेश दुबे, गिरिराज यादव, रामकरण पाटीदार, विनीत साहू, जाहरसींग भिण्डवार, रामसेवक श्रीवास्तव, अरूण शर्मा, सहित सभी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश दुबे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष भीकमसिंह कौरव द्वारा किया गया।

# कृषि विज्ञान मेले का आयोजन 9 मार्च से 11 मार्च तक

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषि विज्ञान मेले का आयोजन 9 मार्च 2026 से 11 मार्च 2026 तक किया जाना है। यह मेला कृषि उपज मंडी प्रांगण, उमरिया में आयोजित होगा। मेले का शुभारंभ विधायक मानपुर द्वारा किया जाएगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है ।इसी परिपेक्ष्य में कृषि विज्ञान मेले का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज (मिलेट्स/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देना, किसानों की आय बढ़ाना और पोषण सुरक्षा को मजबूत करना है। ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, सांवा आदि फसलों के उत्पादन, खादय प्रसंस्करण और विपणन को प्रोत्साहित, किसानों को कृषि के नवीनतम तकनीकों, उन्नत बीज, उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, उद्यानिकी, पशुपालन तथा कृषि यंत्रीकरण एवं ई विकास प्रणाली हेतु कृषक एवं रिटेलर के लिए प्रक्रिया संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। मेले में कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टॉल भी लगाए जाएंगे। मेले के दौरान किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों का प्रदर्शन,कृषि योजनाओं की जानकारी, तथा वैज्ञानिकों से सीधे संवाद करने का अवसर भी मिलेगा। उप संचालक कृषि उमरिया ने जिले के सभी कृषकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि विज्ञान मेले का लाभ उठाएं और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

# साहू युवा संगठन के सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक,शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह से की मुलाकात



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

साहू युवा संगठन,देव गणेश मंदिर समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर कर्मा जयंती पर आने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री ने आश्वासन दिया,कार्यक्रम में आने के लिए। जिला महासचिव नीलेश साहू द्वारा बताया गया। मां कर्मा देवी जी की 1010 वी जयंती पर पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कलश शोभा यात्रा का आयोजन साहू देव गणेश मंदिर से किया जा रहा है,जो गाडरवारा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस मंदिर में समापन किया जाएगा। शोभा यात्रा में लगभग 501 कलश,सामाजिक महिलाओं द्वारा पीले वस्त्रों में रखे जाएंगे! व पुरुष वर्ग मां कर्मा देवी जी की पालकी के साथ सफेद वस्त्रों रहेंगे। बैंड-बाजों के साथ हर्षो उल्लास से यात्रा 15 मार्च को सुबह 8:00 बजे निकाली जा रही है। आज के आमंत्रण में समाज के वरिष्ठ सदस्य सतीश साहू, जानकी साहू,नीलेश साहू एडवोकेट, मनीष साहू,पवन साहू,रोशन साहू, प्रतिक साहू,गुलाब साहू,सौरभ साहू आशीषसाहू,दिनेश साहू एवं समस्त युवा संगठन सदस्य उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़े लाठी डंडों से की पिटाई

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** शुक्रवार 6 मार्च को जिले के इंदवार थाना अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पड़वार में जमीनी विवाद में लाठी-डंडे चलने का समाचार प्रकाश मे आया है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत पड़वार में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही लवकुश जायसवाल और शिवकुमार जायसवाल ने लाठी-डंडों से अपने पड़ोसी बसंत जायसवाल, विमला जायसवाल, बुजुर्ग रामकरण और पूजा जायसवाल पर हमला कर दिया। वही दोनों पक्षों ने अमरपुर चौकी में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई है मामले को गंभीरता से लेते हुए अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह प्राथमिक दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गेहूं पंजीयन की अवधि 10 मार्च तक तक बढ़ाई गई

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन का कार्य सहकारी समितियों के कुल 35 गेहूं पंजीयन केन्द्र पर 7 मार्च तक किया जाना था,जिसमें राज्य शासन के निर्णय अनुसार गेहूं पंजीयन की अवधि दिनांक 10 मार्च 2026 तक बढ़ाई गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के इच्छुक किसान,जिनका पंजीयन शेष है वो सभी शेष किसान पंजीयन का कार्य दिनांक 10 मार्च 2026 तक कराना सुनिश्चित करेंगे।

# एनसीएल में खान सुरक्षा पर मैराथन संवाद कार्यक्रम आयोजित





**सिंगरौली ।**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में शुक्रवार को खनन कार्यों में सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एमडीआई, सीईटीआई, सिंगरौली में एक मैराथन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीएमएस, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) तथा एनसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ संविदा एजेंसियों के प्रतिनिधियों, जेसीसी सदस्यों और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर सीईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में नीरज कुमार, डीडीजी, डीजीएमएस नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद; अच्युत घटक, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड; आशुतोष द्विवेदी, निदेशक (तकनीकी), एनसीएल; राजीव कृष्णकुमार, डीएमएस (माइनिंग), वाराणसी रीजन; के. विजय कुमार, डीएमएस (मैकेनिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद; बी. बेहरे, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद; सी.पी. गर्ग, ईडी (सेफ्टी एंड रेस्क्यू), सीआईएल; के. जीवन कुमार, डीडीएमएस (माइनिंग), वाराणसी रीजन तथा यू.के. साहू, डीडीएमएस (मैकेनिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद सहित एनसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन चरणों में संवाद सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधक, माइन मैनेजर, प्रोजेक्ट इंजीनियर, सेफ्टी अधिकारियों एवं अन्य ने भाग लिया, जिसमें खान संचालन से जुड़ी सुरक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं तथा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। दूसरे सत्र में एचओई संविदाकार व कोयला परिवहन के संविदाकारों के साथ चर्चा हुई, जिसमें सुरक्षित खनन संचालन सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर की समस्याओं और उनके मूल कारणों पर विशेष रूप से विचार किया गया। इसी क्रम में एनसीएल मुख्यालय में आयोजित तीसरे संवाद सत्र में जेसीसी, सीएमओएआई एवं सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ विशेष बातचीत की गई। इस सत्र में एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान जेसीसी सदस्यों, सीएमओएआई प्रतिनिधियों और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने सुरक्षित खनन संचालन से जुड़े अपने अनुभव और अवलोकन साझा करते हुए कई व्यावहारिक सुझाव दिए। इस अवसर पर सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने अपने संबोधन में उन्होंने कर्मियों में सिचुएशनल अवेयरनेस विकसित करने, प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने, व्यावसायिक प्रशिक्षण के डिजिटलीकरण तथा वर्गीकृत प्रशिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करने पर बल दिया। टास्क फोर्स के माध्यम से निरीक्षण प्रणाली को और मजबूत करते हुए प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना आवश्यक है उन्होंने सभी से सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प लेने और कार्यस्थल पर 'सुरक्षा प्रथम' का आह्वान किया। डीडीजी,डीजीएमएस नॉर्दर्न जोन गाजियाबाद, नीरज कुमार ने कहा कि सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए नई पहलें विकसित करते हुए एरोडमैप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने 'सेल्फ इंस्पेक्शन' की संस्कृति को बढ़ावा देने, सुरक्षा प्रोत्साहन योजनाओं को लागू करना।

# मालगाड़ी के बेपटरी होने से बीना-बिलासपुर और सिंगरौली रेलखंड पर रेल यातायात प्रभावित

## कटनी पहुंचे डीआरएम, घटनास्थल का किया निरीक्षण






कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी बिलासपुर रेल खंड पर शनिवार सुबह कोयले लोड मालगाड़ी के 5 डिब्बे पटरी से उतरने की घटना के बाद मण्डल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने जबलपुर से कटनी आकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीआरएम ने बताया कि मालगाड़ी के 5 डिब्बे गिरे हैं। इस घटना से अप और डाउन ट्रेक को नुकसान पहुंचा है। मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना की वजह से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। कटनी, जबलपुर और सतना से टीम यहां आई है और सुधार कार्य में जुटी हुई है। डीआरएम ने बताया कि कोशिश की जा रही है कि जल्द से जल्द सुधार कार्य पूरा हो जाए। डाउन ट्रेक को पहले सुधारा जा रहा है। इसके बाद अप ट्रेक में काम शुरू होगा। अप ट्रैक में ज्यादा नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि बिलासपुर की ओर से आ रही कोयला लोड मालगाड़ी शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे कटनी पहुंचने वाली थी। इसी दौरान गायत्री नगर आउटर के पास ट्रेन के चार से अधिक डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। हादसे की खबर मिलते ही रेल प्रशासन तुरंत अलर्ट मोड पर आ गया। मौके पर जीआरपी, आरपीएफ के जवानों के साथ रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी टीम पहुंच चुकी है। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन की मदद से बेपटरी हुए डिब्बों को वापस ट्रैक पर लाने और रेल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। इस दुर्घटना के कारण कटनी-बिलासपुर मार्ग पर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा है। रूट बाधित होने की वजह से कुछ ट्रेनों को बीच के स्टेशनों पर रोका गया है, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता ट्रैक को जल्द से जल्द खाली कर यातायात बहाल करने की है।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले उपद्रवी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)



थाना एनकेजे पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। 04 मार्च को रोशननगर निवासी एक प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह शाम करीब 05 बजे अपने चाचा-चाची के घर होली खेलने जा रही थी। इसी दौरान मनीष किराना स्टोर के सामने मोटरसाइकिल से आए सूरज रजक, देवा बंसल एवं पिन्टू बंसल ने उस पर जबरन रंग डाल दिया। प्रार्थिया के भाई समीर द्वारा मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की तथा चाकू से मारने की धमकी दी। इसके बाद प्रार्थिया के चचेरे भाई आकाश चौधरी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए कुशवाहा परिवार के घर में घुसकर आरोपियों सूरज रजक, देवा बंसल, पिन्टू बंसल एवं अरमान खान द्वारा लात-घूंसों एवं प्लास्टिक पाइप से मारपीट की गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना एनकेजे में आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 333, 3(5) बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता एवं होली त्यौहार को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अलग-अलग स्थानों से 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले का एक आरोपी वीर बंसल फरार है, जिसकी तलाश जारी है। सूरज रजक पिता अशोक रजक, उम्र 23 वर्ष, निवासी प्रेमनगर, थाना एनकेजे कटनी, देवा बंसल पिता मुन्नालाल बंसल, उम्र 27 वर्ष, निवासी वंशकार मोहल्ला, थाना एनकेजे कटनी, मनीष बंसल पिता मुन्नालाल बंसल, उम्र 25 वर्ष, निवासी वंशकार मोहल्ला, थाना एनकेजे कटनी, आदित्य उर्फ पिन्टू बंसल पिता जितेन्द्र बंसल, उम्र 26 वर्ष, निवासी वंशकार मोहल्ला, थाना एनकेजे कटनी, अरमान खान पिता लल्लू उर्फ अनीष खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी प्रेमनगर।

# 5 वर्षीय भटके हुए मासूम को सकुशल माता-पिता से मिलाया



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** थाना प्रभारी उमरिया पान, उप निरीक्षक महेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में थाना उमरियापान पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए एक भटके हुए 5 वर्षीय मासूम बच्चे को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर एक सराहनीय कार्य किया है। 06 मार्च के दोपहर लगभग 01 बजे जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम पंचायत महनेर क्षेत्र में एक 5 साल का मासूम बच्चा अकेला और रास्ता भटककर आ गया है । जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित संज्ञान लिया और बच्चे को डायल 112 से सुरक्षित लेकर थाना उमरिया पान लाया गया। थाने में पुलिस स्टाफ द्वारा बच्चे को पुचकार कर और बड़े ही प्यार व आत्मीयता से पूछताछ की गई। पुलिस के दुलार से बच्चे ने अपना गांव (कोठी) बताया। बच्चे द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के आधार पर थाना उमरिया पान पुलिस ने बिना कोई समय गंवा, थाना ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी में संपर्क किया और बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस की तत्परता से जल्द ही बच्चे के माता-पिता का पता लगा लिया गया और उन्हें थाने बुलाया गया। थाने पहुंचे परिजनों ने अपने बच्चे को पहचाना, जिसके बाद पुलिस ने तस्दीक करने के बाद मासूम को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

# लाइनमैन दिवस पर हुआ लाइन कर्मचारियों का सम्मान

## एमपीईबी वृत्त कार्यालय कटनी प्रांगण में हुआ भव्य कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)







प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 07 मार्च को विद्युत विभाग के बिजली कर्मचारियों के सम्मान में लाइनमैन दिवस का आयोजन किया गया। पूरे भारतवर्ष में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार म.प्र. पू.क्षे.वि.वि. कंपनी क्षेत्रांर्गत समस्त जिलों में लाइनमैन दिवस पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसी क्रम में एमपीईबी अधीक्षण अभियंता कटनी प्रांगण में भी लाइनमैन दिवस पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता अलीम खान, वर्तमान पदस्थ अधीक्षण अभियंता कटनी वृत्त डी.एन. चैकीकर की गरिमा मयी उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम के शुरूआत में दीप प्रज्वलन एंव सरस्वती वंदना का गायन हुआ। इसके उपरांत अधीक्षण अभियंता कटनी वृत्त डी.एन. चैकीकर द्वारा प्रबंधक संचालक अजय गुप्ता द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन किया गया एंव उनके द्वारा प्रेषित शुभकामनाओं का सभी लाइनमैन कर्मचारियों को शुभकामनां, प्रदान करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की गयी, तदोपंरात कार्यपालन अभियंता मुकेश मोहबे शहर संभाग कटनी द्वारा सभी कर्मचारियों को लाइनमैन दिवस के शुभ अवसर पर कंपनी द्वारा जारी सुरक्षा शपथ दिलायी गयी। लाइनमैन दिवस सम्मान समारोह में कंपनी के प्रति लगन, पूर्ण निष्ठा एंव ईमानदारी से कार्य करने वाले तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया एंव उनके द्वारा अपने सहकर्मियों को सुरक्षा नियमों एंव मापदण्डों के अनुरूप कैसे गुणवत्ता पूर्वक कार्य करे, इस सम्बन्ध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, जिसमें मुख्यतः सेवानिवृत्त कर्मचारी दीपचन्द्र राय, जगजीवन सिंह एंव के.पी. चैबे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग, (सचां/संधा) दक्षिण संभाग, एस.टी.एम. सभांग एंव शहर संभाग कटनी के द्वारा सभी कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के पालन करते हुए जीरो टोलरेन्स की सलाह प्रदान करते हुए कार्य करने हेतु समस्त कर्मचारियों को अपने सारगर्भित उदबोधन से कार्य करने हेतु अवगत कराया गया। 07 मार्च लाइनमैन दिवस के शुभ अवसर पर कटनी वृत्तों के तीनों सभांगों के 50 नियमित एंव बाह्-स्त्रोत कर्मचारियों को कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु कंपनी द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एंव शील्ड भेंट किया एंव सम्मान से नवाजा गया। कंपनी अंतर्गत कटनी वृत्त के लिए बड़ा गौरव का विषय है कि कटनी शहर में पदस्थ दशरथ पाण्डे लाइन कर्मचारी को केन्द्रीय प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा कार्य के प्रति उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने में कंपनी की तरफ से सम्मानित किया गया। अधीक्षण अभियंता वृत्त कटनी डी एन चौकीकर द्वारा सभी कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए कंपनी हित में कार्य करने हेतु संबोधित किया गया एंव निरंतर आंधी, तुफान विपरीत परिस्थितियों में अडिग रहते हुए कंपनी के प्रति वफादारी एंव पूर्ण निष्ठा से कार्य करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही कपंनी के विजन अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति, संतुष्टि पूर्वक शिकायतों के निराकरण एंव राजस्व संग्रहण इत्यादि कार्य लक्ष्य अनुरूप प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यत अलीम खान सेवा निवृत्त अधीक्षण अभियंता, डी.एन. चैकीकर अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) वृत्त, शरद विश्वकर्मा कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग, शैलजा सिंह चैहान कार्यपालन अभियंता दक्षिण संभाग मुकेश मोहबे कार्यपालन अभियंता शहर संभाग सुशीलासिंह मसराम कार्यपालन अभियंता एस.टी.एम अभिषेक गड़ेवाल सहा.अभि. एंव संदीप यादव, राजू पाण्डे, स्वामी यादव, विमल मिश्रा एंव मनोज तिवारी कनिष्ठ अभियंता एवम समस्त वितरण केंद्रों के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# खदान में लापता युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** रंगनाथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरगवा स्थित राय दरबार के पीछे लगी खदान मे युवक की लाश मिलने सनसनी फैल गई मिली जानकारी के अनुसार मदन मोहन चौबे वार्ड के रहने वाले बादल कोल पिता बुद्धू कोल उम्र 35 वर्ष जो की दो दिन से घर से लापता रहा। जो शनिवार की सुबह करीब 12 बजे सुचना मिली की बरगवा पर किसी व्यक्ति की लाश मिली है मामले की जानकारी लगते ही रंगनाथ पुलिस मौके पर पहुंची तो लापता बादल कोल की लाश मिलने की आशंका रही मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाकर शिनाख्त करायी गई तों बादल कोल की लाश निकली परिजनों ने बादल की हत्या का आरोप लगाया है की किसी ने बादल को मारकर खदान मे फेंक दिया बही पुलिस द्वारा लाश का पंचनामा करके जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है व आगे की कार्यबाही शुरू कर दी है।

# 19 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

## महापौर ने क्षेत्रीय पार्षद के साथ सब्जी मंडी का किया निरीक्षण, व्यवस्थित दुकानें लगाने की अपील

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर के गुरुनानक वार्ड अंतर्गत सब्जी मंडी क्षेत्र में लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 19 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन शनिवार 7 मार्च को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका बिट्टू एवं अन्य एमआईसी सदस्यों की गरिमा मई मौजूदगी रही। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर



कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुनानक वार्ड की इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से सब्जी मंडी आने वाले नागरिकों एवं व्यापारियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। वहीं क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका बिट्टू ने बताया कि वार्डवासियों की मांग पर इस सड़क डामरीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं, ऐसे में सड़क का निर्माण होने से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। उक्त डामरीकरण कार्य झूलेलाल मंदिर मार्ग एवं सब्जी मंडी रोड पर कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन और अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात महापौर प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका बिट्टू के साथ सब्जी मंडी का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से चर्चा कर सभी को व्यवस्थित रूप से दुकानें लगाने का आग्रह किया, ताकि मंडी क्षेत्र में स्वच्छता और आवागमन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

# हास्य कवि हुए सम्मानित




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन पिपरिया में नगर के हास्य कवि सम्मानित हुए। हैहय क्षत्रिय कल्चुरि कलार महासभा पिपरिया के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में हास्य कवि अनिल मिश्र एवं हास्य कवि शरद जायसवाल ने अपनी हास्य व्यंग्य की रचनाओं के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदास राय एवं वृंदावन सरल सागर के मुख्य आतिथ्य में एवं ओज कवि राजेश रुद्राक्ष के संयोजन एवं संचालन में संपन्न हुए कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग्य गीत ग़ज़ल की शानदार प्रस्तुति हुई। इस आयोजन में वृंदावन सरल सागर, डॉ शंकर सहर्ष नरसिंहपुर, डॉ प्रतिभा पटेल जबलपुर, डॉ प्रशांत मिश्रा आजमगढ़, अरुण जुगाडु एवं राजेश रुद्राक्ष पिपरिया की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# एक बगिया माँ के नाम से महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम

## विजयराघवगढ़ में विश्व महिला दिवस पर सम्मान, पौधा व ड्रिप किट वितरण

कटनी (स्वतंत्रमत)

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस- 2026 के अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित श्एक बगिया माँ के नाम परियोजना के अंतर्गत विजयराघवगढ़ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अदाणी फाउंडेशन अमेहटा एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की संयुक्त अभिनव पहल से आयोजित इस कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं को उद्यानिकी पौधारोपण के लिए ड्रिप सेट किट का वितरण किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत प्रांगण विजयराघवगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। अपर कलेक्टर मैडम कौर सहित मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर मैडम कौर उपस्थित रहीं। उनके साथ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की अध्यक्ष सुधा कोल, नगर परिषद कैमोर की अध्यक्ष पलक नामित ग्रोवर, नगर परिषद विजयराघवगढ़ के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, जनपद विजयराघवगढ़ उपाध्यक्ष उदयराज सिंह, एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते, डॉक्टर विनोद कुमार, डॉक्टर मोहिता दीक्षित,



डॉक्टर सोमा श्रीवास्तव, नगर परिषद कैमोर उपाध्यक्ष संतोष केवट, प्राचार्य सरस्वती मिश्रा, भाजपा उपाध्यक्ष सुनीता दहिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के सम्मान में विशेष महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के हितकारिणी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर से मेरिट अवार्ड प्राप्त करने वाली डॉ. अंशिता सिंघई को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही डॉक्टर मोहिता दीक्षित, डॉक्टर सोमा श्रीवास्तव, प्राचार्य सरस्वती मिश्रा तथा समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं को उद्यानिकी पौधारोपण के लिए ड्रिप सेट किट वितरित की गईं, जिससे वे अपने गांवों में फलदार पौधों का रोपण कर सकें और एक बगिया माँ के नाम योजना को सफल बना सकें। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा गांवों में हरियाली बढ़ाना है। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर मैडम कौर ने अपने संबोधन में कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे केवल लगाए ही न जाएं, बल्कि उन्हें जीवित रखना और उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। जब ये पौधे फल देंगे तो इसका लाभ स्वयं महिलाओं और उनके परिवारों को मिलेगा। उन्होंने सभी समूहों से अपील की कि वे इस योजना को सफल बनाने में पूरी जिम्मेदारी और सहयोग के साथ कार्य करें तथा शासन की मंशा के अनुसार योजनाओं को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अदाणी फाउंडेशन के क्लस्टर हेड एनेट विश्वास ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन पंकज सर द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को प्रभावी और

## सूचना

मैं रजनीश तिवारी पिता स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र लग. 50 वर्ष निवासी रबर फैक्ट्री रोड, दसई माता मंदिर के पास गोयनका बगीचा कटनी, तह. एवं जिला कटनी यह शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरी पुत्री कुहु तिवारी उम्र लग 13 वर्ष के सभी संबंधित दस्तावेजों जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि में पुत्री का नाम कुहु तिवारी पिता रजनीश तिवारी एवं माता का नाम रेणुका तिवारी अंकित है। मैं अपनी पुत्री का नाम कुहु तिवारी को सुधारे जाने व नया परिवर्तित नाम तेजस्विनी तिवारी पिता रजनीश तिवारी, माता का नाम रेणुका तिवारी दर्ज करवाना चाहता अतः मेरी पुत्री (पुराना नाम) कुहु तिवारी को परिवर्तित नया नाम तेजस्विनी तिवारी के नाम से उसके सभी संबंधित दस्तावेजो में लिखा, पढ़ा, जाना एवं समझा जावे। अतः इस संबंध में यह सूचना प्रकाशित है।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल में भारत-न्यूजीलैंड की टक्कर

# इतिहास रचने उतरेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली ।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में दोनों टीमें खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। भारतीय टीम के लिए यह मैच कई मायनों में ऐतिहासिक हो सकता है, क्योंकि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया के पास लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने और नया रिकॉर्ड बनाने का शानदार मौका है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम पहली बार इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को अपने नाम करने की कोशिश करेगी।



### शानदार फॉर्म में नजर आया है भारत

डिफेंडिंग चैंपियन भारत इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में नजर आया है। टीम ने लीग स्टेज से लेकर सेमीफाइनल तक लगातार दमदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा था और आखिरी ओवर तक मैच का नतीजा तय नहीं हो पाया था। भारतीय गेंदबाजों ने दबाव के क्षणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई और फाइनल का टिकट हासिल किया।

### न्यूजीलैंड ने भी टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया

दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने भी टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया है। कीवी टीम ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। उस मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने संतुलित प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को पूरी तरह अपने नियंत्रण में रखा। मिचेल सैंटनर की कप्तानी में टीम आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है और पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने का सपना साकार करने के करीब है। भारतीय टीम के लिए इस टूर्नामेंट में संजू सैमसन का प्रदर्शन बेहद अहम रहा है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मैचों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने नाबाद 97 रन बनाए थे, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रनों की शानदार पारी खेली थी। इन पारियों ने भारत की फाइनल तक की राह आसान बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

### भारत के सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती

हालांकि फाइनल में भारत के सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती होगी। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक तीन मुकाबले खेले गए हैं और तीनों में न्यूजीलैंड को जीत मिली है। ऐसे में भारतीय टीम के पास इस बार अपने पुराने रिकॉर्ड को सुधारने का भी सुनहरा मौका होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह फाइनल मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस शाम 6:30 बजे किया जाएगा। मैच से पहले शाम 5:30 बजे एक भव्य प्री-शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय पॉप स्टार रिकी मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक अपनी प्रस्तुति देंगे। क्रिकेट प्रशंसकों को उम्मीद है कि यह फाइनल मुकाबला रोमांच और यादगार पलों से भरपूर होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहद खराब

टी20 विश्व कप के इतिहास में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। अब तक इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच तीन मुकाबले खेले गए हैं और तीनों में न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच आखिरी मुकाबला 2021 में दुबई में खेला गया था। उस समय भारतीय टीम की कप्तानी विराट कोहली के हाथों में थी और उस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया था। उस हार ने भारत के अभियान को भी प्रभावित किया था। हालांकि पिछले पांच सालों में दोनों टीमों में काफी बदलाव देखने को मिला है और अब कई नए खिलाड़ी टीम का हिस्सा बन चुके हैं। 2021 के उस मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से खेलने वाले खिलाड़ियों में से केवल चार खिलाड़ी ही मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम में शामिल हैं। इनमें ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं। बाकी खिलाड़ी या तो इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं या फिर टीम से बाहर हो गए हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान) अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज. रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फॉर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी निशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सईफर्ट, ईश सोढ़ी, काइल जेमिसन, कॉल मैककॉन्ची।

# प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बन सकते हैं सैमसन



### न्यूजीलैंड के 2 प्लेयर्स शामिल

नई दिल्ली।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 अपने आखिरी पड़ाव पर है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खिताबी जंग होनी है। फाइनल से पहले ही आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए 8 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। आईसीसी के नोमिनेशन में भारत के संजू सैमसन का भी नाम है। जिन्होंने टूर्नामेंट में महज 4 मैच खेले, लेकिन 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से 232 रन बना दिए। वे भारत के पिछले दोनों मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

### प्लेइंग-11 में मौका तक नहीं मिल रहा था

टी-20 वर्ल्ड कप जब शुरू हुआ तो भारत की प्लेइंग-11 में संजू सैमसन का नाम नहीं था। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ओपनिंग करने उतरे, वहीं तिलक वर्मा को नंबर-3 पर चांस मिला। नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले अभिषेक बीमार हो गए, उनकी जगह संजू शामिल हुए। सैमसन 8 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट हो गए। अभिषेक जब फिट होकर आए तो सैमसन को बाहर कर दिया गया। पाकिस्तान, नीदरलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सैमसन बेंच पर ही रहे। सुपर-8 स्टेज में भारत ने अपना पहला मैच गंवा भी दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ मैनेजमेंट ने रिंकू सिंह की जगह सैमसन को मौका दिया और संजू से ही ओपनिंग भी कराई। सैमसन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी मैच में 24 रन बनाए।

वेस्टइंडीज के सामने अगला मैच नॉकआउट की तरह था, सैमसन ने यहां 97 रन की नॉटआउट पारी खेली और भारत को 197 रन का टारगेट चेज करवाया। संजू ने फिर सेमीफाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। वे 4 ही मैचों में 16 छक्के लगा चुके हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान का नाम भी है। उन्होंने 2 शतक लगाकर 383 रन बनाए। यह एक टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भी प्लेयर्स से बनाए गए सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड है। हालांकि, उन्हें टीम के बाकी प्लेयर्स का साथ नहीं मिला और टीम नॉकआउट राउंड में एंट्री नहीं कर सकी।

**रेस में शामिल बाकी 6 प्लेयर्स** - विल जैक्स, इंग्लैंड, लुंगी एनगिडी, साउथ अफ्रीका,ऐडन मार्करम, साउथ अफ्रीका,रचिन रवींद्र, न्यूजीलैंड,टिम साइफर्ट, न्यूजीलैंड, शेडली वान शाल्कविक, अमेरिका

**वोटिंग शुरू, एक्सपर्ट भी तय करेंगे विजेता** - आईसीसी ने 8 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर उनकी वोटिंग शुरू कर दी है। फैंस आईसीसी की वेबसाइट पर जाकर अपने फेवरेट प्लेयर को वोट दे सकते हैं। फैंस वोटिंग के अलावा आईसीसी पैनल में शामिल क्रिकेट एक्सपर्ट्स और कॉमेंटेटर के वोट के आधार पर तय होगा कि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कौन बनेगा। रिजल्ट फाइनल मुकाबले के बाद बताया जाएगा।

## सैंटनर का बड़ा बयान, बोले - भारत पर होगा घरेलू दबाव



**अहमदाबाद ।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टी20 के फाइनल से पहले बड़ा बयान देते हुए कहा है कि मेजबान होने के कारण भारत पर खिताब जीतने का अतिरिक्त दबाव रहेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह खिताबी मुकाबला रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैंटनर ने कहा कि घरेलू मैदान पर खेलने के कारण भारतीय टीम को दर्शकों की बड़ी उम्मीदों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य मैच के दौरान भीड़ को शांत करना होगा। सैंटनर के मुताबिक भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन मेजबान होने के कारण उन पर दबाव भी ज्यादा रहेगा। न्यूजीलैंड कप्तान ने कहा कि उनकी टीम इस बड़े मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित है और खिलाड़ी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि टीम पहले भी भारत के खिलाफ खेल चुकी है, इसलिए किसी खास रहस्य की बात नहीं है। उनके अनुसार फाइनल एक मैच का मुकाबला होता है और उस दिन जो टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी वही जीत दर्ज करेगी। पिच को लेकर सैंटनर ने कहा कि उन्होंने अभी तक मैदान की सतह नहीं देखी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अहमदाबाद में हाई-स्कोरिंग मुकाबला देखने को मिल सकता है, क्योंकि यह मैदान बल्लेबाजों के लिए मददगार माना जाता है। सैंटनर ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी जमकर तारीफ की।

# फायनल में बदलाव करने की जरूरत नहीं : रवि शास्त्री

## अभिषेक शर्मा को मानसिक रूप से मजबूत करें, संजू सैमसन की बल्लेबाजी मजबूत

मुंबई।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शस्त्री का मानना है कि टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा का मनोबल बढ़ाना चाहिए और उन्हें अपनी क्षमता पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उनके अनुसार खिलाड़ी को यह भरोसा दिलाना जरूरी है कि टीम उसके साथ खड़ी है और उसे अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। शास्त्री ने उम्मीद जताई कि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाला फाइनल मुकाबला अभिषेक शर्मा के लिए टूर्नामेंट का सबसे बेहतरीन मैच साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही हो तो उसमें बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शस्त्री का मानना है कि संजु सैमसन बल्लेबाजी के दौरान अब



पहले से अधिक मानसिक रूप से मजबूत हो गए हैं और यही बदलाव उनके हालिया प्रदर्शन में साफ दिखाई दे रहा है। शास्त्री के अनुसार टी20 विश्व कप में सैमसन के बेहतर नतीजों के पीछे उनकी बढ़ी हुई एकाग्रता और बेहतर शॉट चयन बड़ी वजह है। शास्त्री ने कहा कि सैमसन के पास हर तरह के शॉट खेलने की क्षमता है, लेकिन पहले अक्सर उनकी एकाग्रता में कमी देखने को मिलती थी। उनका मानना है कि अब सैमसन को इस बात का एहसास हो गया है कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी के दौरान ज्यादा फोकस और समझदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि सैमसन को अपनी ताकत पर भरोसा रखते हुए उसी के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए। पूर्व कोच के मुताबिक सैमसन की प्रतिभा पर कभी किसी को संदेह नहीं रहा, लेकिन अब वह मानसिक रूप से भी काफी मजबूत नजर आ रहे हैं। शास्त्री ने कहा कि जब कोई बल्लेबाज क्लास, टच और पावर के साथ शॉट लगाता है तो उसकी बल्लेबाजी देखने में बेहद शानदार लगती है और सैमसन में यह सभी खूबियां मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सैमसन अभी केवल 31 वर्ष के हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है।

शास्त्री के अनुसार भारतीय टीम में उनकी भूमिका अब स्पष्ट हो चुकी है और वह टीम के लिए एक असली मैच-विनर साबित हो सकते हैं। हालांकि सैमसन का शानदार फॉर्म टीम के लिए सकारात्मक संकेत है, लेकिन दूसरे ओपनर अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन कुछ चिंता जरूर पैदा करता है। टी20 वर्ल्ड कप में अब तक सात पारियों में अभिषेक केवल 89 रन ही बना पाए हैं। इसके बावजूद शास्त्री का मानना है कि फाइनल मुकाबले से पहले टीम संयोजन में बदलाव करना सही फैसला नहीं होगा।

## टी-20 में डेथ ओवर्स के अविश्वसनीय मास्टर हैं जसप्रीत बुमराह



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में डेथ ओवर्स में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। इंग्लैंड के खिलाफ हाई-स्कोरिंग सेमीफाइनल में बुमराह ने साबित कर दिया कि उनके मुकाबले डेथ ओवर्स में कोई टिक नहीं सकता। उनके ओवरों की गति, सटीक लाइन और बल्लेबाजों को कमाल की चुनौती देना उन्हें टी20 क्रिकेट का सबसे खतरनाक गेंदबाज बनाता है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से लेकर 2026 के सेमीफाइनल तक बुमराह ने 9 मैचों में डेथ ओवर्स की जिम्मेदारी संभाली। इन 14 ओवरों में उन्होंने केवल एक छक्का खाया और 9 विकेट भारत को दिलाए। 82 गेंदों में उन्होंने विपक्षी टीमों को केवल 60 रन बनाने दिए, जिससे उनका इकॉनमी रेट महज 4.39 रहा। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि उनके सामने कोई भी बल्लेबाज आसानी से रन नहीं बना सकता। खास बात यह है कि उन्होंने पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ भी यह रिकॉर्ड कायम रखा। डेथ ओवर्स में आमतौर पर रन रेट 10 या उससे अधिक होता है, लेकिन बुमराह ने इसे पूरी तरह नियंत्रण में रखा। आईपीएल में बुमराह की कीमत और भी चर्चा का विषय रही है। मुंबई इंडियंस ने हमेशा उन्हें रिटेन किया, इसलिए ऑक्शन में उनका नाम कभी नहीं आया। अगर वे मेगा ऑक्शन में उपलब्ध होते, तो उनकी कीमत 30 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती थी। आईपीएल 2025 से पहले उन्हें मुंबई इंडियंस से 20 करोड़ रुपये से कम में रिटेन किया गया था। बुमराह की यह विशेषज्ञता किसी भी टीम के लिए भारी साबित हो सकती थी।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए देश में चार साल में 85,000 इंजीनियर प्रशिक्षित

नयी दिल्ली (वार्ता)।

भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में जहां इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। सरकार का कहना है कि भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है। विज्ञप्ति में



श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनकी मदद से छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है। इसके तहत इलेक्ट्रानिक्स डिजाइन टूल का अब तक 1.85 करोड़ घंटे से अधिक का उपयोग किया जा चुका है और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। श्री वैष्णव ने बताया कि आज असम से गुजरात और कश्मीर से कन्याकुमारी तक देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के छात्र सेमीकंडक्टर डिजाइन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। यह भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वैश्विक उद्योग की आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग का आकार वर्तमान 800-900 अरब डॉलर से बढ़कर 2 लाख करोड़ डॉलर होने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी, जो भारत के युवाओं के लिए रोजगार के विशाल अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आईएसएम 2.0 के तहत इस कार्यक्रम को 315 से बढ़ाकर 500 शैक्षणिक संस्थानों तक विस्तारित किया जाएगा।

# चावल नरम, चीनी मजबूत- दालों, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये। गेहूं में टिकाव देखा गया। चीनी की कीमतों में तेजी रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये टूटकर 3,833 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं का भाव 2,819 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहा। आटा 29 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख रहा। अरहर दाल की औसत कीमत 65 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मसूर दाल में 19 रुपये और चना दाल में 11 रुपये की गिरावट रही। उड़द दाल चार रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।

स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 143 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। वनस्पति 78 रुपये और सरसों तेल 43 रुपये महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 20 रुपये और पाम ऑयल की 15 रुपये बढ़ी गयी। सोया तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 18



रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।दाल चना 7717.41 रुपये, मसूर काली 8058.07 रुपये, मूंग दाल 10134.08 रुपये, उड़द दाल 10728.62 रुपये, तुअर दाल 11123.50 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2819.20 रुपये और चावल 3832.57 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.30 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़चीनी एस 4305.17 रुपये और गुड़ 4985.03 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# एसबीआई महिला सशक्तिकरण के लिए देगा 50 करोड़ डॉलर का सिंडिकेटेड ऋण

मुंबई (वार्ता)।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित 50 करोड़ डॉलर के साझा (सिंडिकेटेड) सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसमें ग्रीनशू का विकल्प भी रखा गया है यानी अतिरिक्त ऋण भी दिया जा सकता है। यह एसबीआई और पर्यावरण, सामाजिक तथा प्रशासनिक वित्त पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसका उद्देश्य महिला



सशक्तिकरण है। उसने बताया कि यह लैंगिक भेदभाव को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-5 (लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं एवं लड़कियों को सशक्त बनाना) में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। एसबीआई के अध्यक्ष सी.एस. शेट्टी ने कहा, इस महिला दिवस पर हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम महिला सशक्तिकरण को सतत विकास की आधारशिला के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि वास्तविक प्रगति केवल आर्थिक विकास पर निर्भर नहीं करती, बल्कि सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और सभी हितधारकों के लिए एक समावेशी समाज बनाने की हमारी क्षमता पर भी निर्भर करती है।

एसबीआई ने पहली बार साझा सावधि ऋण की घोषणा की है। इसके तहत एक से अधिक बैंक या वित्तीय संस्थान मिलकर कोई बड़ा ऋण देते हैं। उम्मीद की जा रही है कि यह लैंगिकता की थीम पर आधारित दुनिया का सबसे बड़ा ऋण होगा।

# सेंसेक्स और निफ्टी में दिखा एक साल से भी ज्यादा का दबाव

## कमजोर ग्लोबल संकेतों, गिरते रुपये और एफआईआई की लगातार बिकवाली ने बाजार में दबाव बढ़ाया

**मुंबई ।** इस हफ्ते 6 मार्च को समाप्त भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण समय रहा। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में लगातार गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। कमजोर ग्लोबल संकेतों, गिरते रुपये और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने बाजार में दबाव बढ़ाया। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भी निवेशकों की चिंता को बढ़ाया। परिणामस्वरूप हफ्ते के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी ?गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह होली के अवसर पर शेयर बाजार 3 मार्च को बंद रहा, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार में एक ?दिन कम कारोबार हुआ। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को ही बाजार लाल निशान में शुरू हुआ। शुरुआती सत्र में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1,048.34 अंक गिरकर 80,238.85 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 312.95 अंक की गिरावट के साथ 24,865.70 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत




निवेशकों की सतर्कता को बढ़ाने वाले मुख्य कारण रहे। बुधवार को भी स्थिति अनुकूल नहीं रही। सेंसेक्स 1,122.66 अंक गिरकर 79,116.19 पर और निफ्टी 385.20 अंक गिरकर 24,480.50 पर बंद हुआ। हालांकि गुरुवार को वैश्विक बाजारों में उछाल और एक दिन की राहत के कारण बाजार हरे निशान में कारोबार करता दिखा। सेंसेक्स 899.71 अंक बढ़कर 80,015.90 पर और निफ्टी 285.40 अंक की तेजी के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को फिर से बाजार दबाव में आया। अमेरिकी बाजारों की कमजोरी और एफआईआई की बिकवाली ने सेंसेक्स 1,097 अंक गिराकर 78,918.90 पर और निफ्टी 315.45 अंक गिराकर 24,450.45 पर बंद कराया। इस तरह सप्ताह के अंत तक निवेशकों में सतर्कता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति साफ तौर पर दिखाई दी।

# मध्यप्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगी क्वींस ऑन द व्हील्स की बहनें : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने महिला बाइकर्स के टूर को किया रवाना





भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्वींस ऑन द व्हील्स 3.0 महिला बाइकिंग टूर मात्र बाइक रैली नहीं बल्कि नारी सशक्तिकरण, साहस और पर्यटन के माध्यम से मध्यप्रदेश की पहचान को दुनिया तक पहुंचाने का एक अनूठा अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आई बहनों का देश के दिल मध्यप्रदेश में स्वागत करते हुए कहा कि हमारा प्रदेश अजब और गजब होने के साथ महिलाओं की सुरक्षा के लिए सजग भी है। बहनों की यह यात्रा प्रदेश के पर्यटन के साथ महिला सुरक्षा की एक मिसाल है, यह बदलते समाज की तस्वीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश भी सुरक्षित है और मध्यप्रदेश भी, महिला दिवस और रंगपंचमी से पहले प्रारंभ हुए क्वींस ऑन द व्हील्स कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाइकिंग टूर में देशभर से आईं बाइक राइडर बहनें म.प्र. पर्यटन के रंग बिखेरेंगी। यह टूर प्रदेश के समृद्ध व ऐतिहासिक पर्यटन गंतव्यों को देश-दुनिया में प्रचारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। यह यात्रा मध्यप्रदेश की बेटियों के लिए अद्वितीय, साहसपूर्ण और फलदायी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को क्वीन्स ऑन द व्हील्स की 25 महिला सुपर बाइकर्स को इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं और हर संभव सहयोग का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री निवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाइकर्स और पर्यटन सखी के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया।

### मध्यप्रदेश में महिला सुरक्षा की गारंटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सुरक्षा की गारंटी के रूप में यह टूर प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों की 25 साहसी महिला बाइक राइडर्स शामिल हैं। यह यात्रा 7 से 13 मार्च तक चलेगी, जिसमें हमारी बहनें 1400 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। बाइकिंग टूर पर निकली बहनें प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल- सांची, उदयगिरी, चंदेरी, खजुराहो, कूनो नेशनल पार्क, ग्वालियर, मितावली, ओरछा और खजुराहो से होकर गुजरेंगी। यात्रा का समापन 13 मार्च को भोपाल में होगा।

### राइड के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान

निमाड़ की सादगी, मालवा की जीवंतता, बुंदेलखंड की शौर्यगाथा, बघेलखंड की लोक कलाएं, चंबल का गौरवशाली इतिहास और महाकौशल की सुंदरता हमारे प्रदेश की विशेषता है। प्रदेश में स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण, सुरक्षित एवं धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टूर में शामिल महिला राइडर्स को राइड के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा महिला राइडर्स के दल के ठहरने सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का समन्वय किया जाएगा।

### डॉ. यादव ने महिला बाइकर्स से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशभर से आईं महिला बाइकर्स से संवाद किया। मुंबई से 62 वर्षीय नीता खांडेकर ने बताया कि 7 साल पहले बाइक चलाने की चाहत को स्वयं हिम्मत दी और फिर 75 दिन में 21 हजार कि.मी. का यादगार सफर तय किया। पश्चिम बंगाल की ट्रीना 4 दिन में बाइक से ओडिसा, झारखंड और बिहार होते हुए मध्यप्रदेश आईं। वो कहती हैं मध्यप्रदेश में सबसे ज़्यादा सुरक्षित महसूस किया। यहाँ की रोड और नेचर की मैं फैन हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन सखी से भी मुलाकात की।

### डॉ. नीता कर रही हैं महिला बाइकिंग टूर का नेतृत्व

महिला बाइकिंग टूर का नेतृत्व मुंबई की 62 वर्षीय डॉ. नीता कर रही हैं। इस ग्रूप में भोपाल की सारा खान, राजनंदिनी, दिव्या रमन, मयूरी सोनी, दिशा राकेशीय, उन्नति चौरसिया, सेजल कुशवाहा, महक बाथम, ग्वालियर की शबनम बानो शामिल हैं। इनके साथ मुंबई की हेतल उपाध्याय, माधुरी नायक, मधु हेलचल, तनु प्रिया, रिद्धि, बेंगलुरु की सोना प्रियदर्शनी, कोलकाता की सायंती घोष, पुणे की कल्याणी पोटेकर, नागपुर की डॉ. प्रियंका रुक्मणी, रुचिका मेघे, एकता खेते, मैथिली सिंह, पल्लवी देशमुख, नोएडा की डॉ. सुमित और संभाजी नगर (महाराष्ट्र) की कविता जाधव शामिल हैं। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई सचिव पर्यटन विभाग एवं प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड इलैया राजा टी, अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविंद बेडेकर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास के नए युग का होगा सूत्रपात

### ग्रीनफील्ड परियोजना किसान और सरकार के बीच विश्वास की बनेगी मिसाल: मुख्यमंत्री

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड के किसानों के हित में जमीनी स्तर पर मार्ग निर्माण को स्वीकृति और उचित मुआवजे की व्यवस्था किए जाने पर इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पगड़ी और बड़ी माला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे सभी लोगों को होली और रंगपचमी की बधाई दी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से इंदौर और उज्जैन के बीच बनने वाली सड़क से इंदौर और उज्जैन का सफर सवा घंटे की जगह आधे घंटे का रह जायेगा। दोनों शहरों के बीच तेज कनेक्टिविटी से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। स्थानीय स्तर पर उद्योग, लॉजिस्टिक पार्क, किसानों को मण्डियों तक पहुंच और व्यापारियों तथा उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह मार्ग, देश के व्यापार व्यवसाय के लिए भी महत्वपूर्ण है।

देश के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रो के बीच इस मार्ग से यात्रा सुगम और कम समय में होगी। परिणामस्वरूप आवागमन बढ़ेगा और देश में इंदौर-उज्जैन क्षेत्र का महत्व और अधिक बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारम्परिक और ऐतिहासिक रूप से इंदौर और उज्जैन के बीच इस मार्ग का ही उचित उपयोग होता था। इस मार्ग से इंदौर के 20 और उज्जैन के 6 गांव लाभान्वित होंगे। सिंहस्थ के लिए भी यह मार्ग सुविधाजनक और उपयोगी होगा। इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास की दृष्टि से नए युग का सूत्रपात हो रहा है। राज्य सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है।

किसानों के सुझावों के अनुसार इस मार्ग का निर्माण कराना और उसके लिए उचित मुआवजे की व्यवस्था करना इस बात का परिचायक है कि सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। यह परियोजना किसान और सरकार के बीच विश्वास की मिसाल बनेगी। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव अन्नदाता किसान की पीड़ा और कष्ट को समझते हैं। इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग को इस रूप में स्वीकृति मिलना उनकी संवेदनशीलता का ही परीणाम है। किसानों को इस परियोजना में अब 816 करोड़ रुपए से अधिक की मुआवजा राशि वितरित की जाएगी। मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस पहल के लिए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में गठित जेंडर क्लब/जेंडर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और फिट इंडिया वुमन वीक के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर 6 मार्च को विचार गोष्ठी आयोजित हुईए जिसमें कुमारी श्वेता गर्ग शोधार्थी विश्वविद्यालय.देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार ने विषय मनोविज्ञान स्वाध्याय का महिलाओं के आत्म सम्मान पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं नियंत्रण का केंद्र विषय पर विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखे। 7 मार्च को महाविद्यालय में छात्राओं को महिला दिवस पर शपथ दिलाई साथ ही छात्राओं ने खो-खो खेल खेला, स्वस्थ शरीर के लिए खेल बहुत आवश्यक है कि शिक्षा दी। छात्र एवं छात्राओं ने साईकिल रैली निकाली और महिलाओं को सम्मान, आत्मसम्मान और समान अवसर प्रदान करने की जागरूकता



फैलाई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एवं जेंडर चैंपियन क्लब के संयोजक नाजनीन बेगम, डॉ. मंगल सिंह अहिरवार एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नेहा जैन के नेतृत्व में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. भगवानदास रैकवार, डॉ. अभिलाषा लोधी, डॉ. अनिल कुमार जैन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

# लाइनमैन दिवस पर हटा में विद्युतकर्मियों का सम्मान

### सेवा-सुरक्षा-स्वाभिमान को बताया कार्य का आधार

**हटा (स्वतंत्र मत)।** विद्युत मंडल सबस्टेशन हटा में शनिवार को लाइनमैन दिवस उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अभियंता प्रवीण कुल्हाड़े ने की। इस अवसर पर उपस्थित लाइन स्टाफ का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। संभागीय अभियंता प्रवीण कुल्हाड़े ने सभी कर्मचारियों को लाइनमैन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लाइनमैन का कार्य सेवा, सुरक्षा और स्वाभिमान के तीन महत्वपूर्ण स्तंभों पर आधारित है। उन्होंने आश्वस्त



किया कि आगामी आयोजन में सभी लाइन स्टाफ को सुरक्षा किट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइनमैन का दायित्व केवल बिजली सुधारना ही नहीं बल्कि हर परिस्थिति में सेवा भावना के साथ जनता को निरंतर बिजली उपलब्ध कराना भी है। जब बिजली आपूर्ति सुचारू रहती है तभी विभाग को राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना हर स्तर पर की जाती है। उन्होंने आउटसोर्स और ठेका कर्मचारियों से भी लाइनमैन के समर्पण और कार्यनिष्ठा से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कुल्हाड़े ने कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि कर्मचारी घर से निकलते समय पूरी सावधानी बरतें और सुरक्षित अपने परिवार के पास लौटें। उन्होंने कहा कि लाइनमैन विद्युत विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके बिना विभाग का संचालन संभव नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों को नशे से दूर रहकर पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री प्रदीप पटेल, सतीश पटेल और महेंद्र राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बलराम तिवारी ने स्वरचित रचना सुनाकर कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। समारोह में वरिष्ठ लाइनमैन रहबर खान और रामरतन कोरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संचालन कार्यालय सहायक अशोक असाटी ने किया। इस अवसर पर पथरिया, बटियागढ़, पटेरा, हिनोता और मड़ियादो क्षेत्रों से आए लाइन स्टाफ की उपस्थिति रही। अंत में हटा प्रभारी सहायक यंत्री आरके सहाय ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाइन स्टाफ के समर्पण और योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से इस आयोजन का आयोजन किया गया।

# डिजिटल पंजीयन में मध्यप्रदेश ने रचा इतिहास : डॉ. यादव

### हर साल 11 हजार करोड़ से अधिक राजस्व

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश में पंजीयन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने संपदा 2.0 प्रणाली से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई-पंजीयन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित यह व्यवस्था नागरिकों को त्वरित सेवाएं देने के साथ-साथ प्रशासन में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करेगी। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राज्य के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में शामिल है। प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 16 लाख दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है, जिससे 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। विभाग की वेब आधारित संपदा प्रणाली के माध्यम से ई-पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा प्रदान कर पूरी प्रक्रिया को एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक बनाया गया है।

### डिजिटल पंजीयन में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य

संपदा 2.0 के माध्यम से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस और डिजिटल पंजीयन संभव हुआ है और यह व्यवस्था लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस प्रणाली में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी ई-स्टाम्प तैयार कर सकता है। साथ ही संपत्ति की पहचान भू-अभिलेख और नगरीय प्रशासन के डेटाबेस से की जाती है तथा संपत्ति की जियो-टैगिंग भी की जाती है, जिससे संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आएगी। कृषि भूमि के पूर्ण अंतरण के बाद सायबर तहसील के माध्यम से स्वतः नामांतरण की सुविधा भी शुरू की गई है, वहीं कलेक्टर ऑफ स्टाम्प न्यायालय की प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। ई-गवर्नेंस को और मजबूत बनाने के लिए भोपाल स्थित महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय में सायबर पंजीयन कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से लगभग 75 प्रकार के दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन किया जा सकेगा। सायबर सब-रजिस्ट्रार राज्य के किसी भी जिले के दस्तावेजों का ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे।

फेसलेस पंजीयन प्रक्रिया में पक्षकारों के लिए आधार आधारित वीडियो करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के डिजिटल निष्पादन के बाद उन्हें ऑनलाइन सायबर उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इससे नागरिकों को उप पंजीयक कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। नई व्यवस्था के तहत लीज, मॉर्टगेज, डी-मॉर्टगेज, संपत्ति में पत्नी या बेटी का नाम जोड़ने और मुख्तियारनामा जैसे दस्तावेज अब कहीं से भी ऑनलाइन तैयार कर पंजीकृत किए जा सकते हैं। डिजिटल तकनीक के उपयोग से मध्यप्रदेश ने ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है और आने वाले समय में यह व्यवस्था नागरिक सेवाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा भरोसेमंद बनाएगी।

# घरेलू गैस के दाम बढ़े

### भाजपा ने किया लाडली बहनों और लक्ष्मियों से धोखा: कांग्रेस

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

घरेलू गैस के सिलेंडर पर 60 की अप्रत्याशित वृद्धि भारतीय जनता पार्टी के आपदा में अवसर ढूंढने के दुष्चक्र का नतीजा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने इसे लाडली बहनों और लाडली लक्ष्मियों के साथ धोखा बताया है। गुप्ता ने कहा कि ना तो अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतें बढ़ी हैं ना ही अन्य पेट्रोल उत्पादों पर तत्कालीन प्रभाव हुआ है, फिर भी सरकार द्वारा दाम बढ़ाने की उतावली इस बात का द्योतक है कि वह युद्ध के नाम पर अपने ही नागरिकों से मुनाफा कमाना चाहती है। गुप्ता ने स्मरण दिलाया कि अब तक सरकार कह रही थी कि तेल कंपनियां मुनाफे में से किसी आकस्मिक बढ़त को ऐब्जार्व करेंगीं किंतु सरकार का यह आश्वासन भी झूठा साबित हुआ है । गुप्ता ने बताया कि विगत वर्षों में सस्ता क्रूड आयात होने से तेल कंपनियों ने चार लाख करोड़ से अधिक का लाभ कमाया है किंतु आम उपभोक्ता को एक भी पैसे की राहत नहीं दी गयी है। गुप्ता ने मांग की कि देश का 81 करोड़ नागरिक पहले ही 5 किलो अनाज का मोहताज है ऊपर से अगर ईंधन के भाव इसी तरह बढ़ते हैं तो मध्यम वर्ग भी इसकी चपेट में आ जाएगा । गुप्ता ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 3फीसदी से कम अंतर आया है तो उपभोक्ता पर लगभग 7 फीसदी का भिर क्यों डाला गया है । मतलब साफ है कि तेल कंपनियां इस आकस्मिक संकट में भी मुनाफाखोरी करना चाहतीं हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार बाजार के किसी भी प्रभाव को तेल कंपनियों द्वारा ऐब्जार्व करने का निर्देश दे अन्यथा और 20 करोड लोग इस महंगाई से 5 किलो झोले वाले बन जाएंगे।

# शासकीय प्राथमिक शाला जगथर का हुआ पूर्ण कायाकल्प, मायसम सीमेंट की अनूठी पहल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शिक्षा और क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर को निभाते हुए हीडलबर्ग मैटेरियल्स मायसम सीमेंट इंडिया लिमिटेड की नरसिंहगढ़ यूनिट द्वारा ग्राम जगथर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के जीर्णोद्धार का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करा दिया गया है। कंपनी के सीएसआर फंड के माध्यम से विद्यालय का पूरी तरह से कायाकल्प किया गया है। जीर्णोद्धार के तहत स्कूल भवन की मरम्मत, आधुनिक टाइल्स के साथ सुरक्षित पहुंच मार्ग पैथवे और दीवारों का आकर्षक रंग-रोगन किया गया है। इन कार्यों से न केवल स्कूल का वातावरण बेहतर हुआ है बल्कि छात्रों के लिए एक



सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक माहौल भी तैयार हुआ है।

**बहुआयामी सामाजिक प्रयास** - उल्लेखनीय है कि मायसम सीमेंट कंपनी द्वारा दमोह क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा, बुनियादी ढांचा और महिला उत्थान के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी प्रबंधन का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। मुख्य आकर्षणः विद्यालय भवन का पूर्ण जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण। परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु पेवर टाइल्सयुक्त रास्ते का निर्माण। स्वच्छता और बेहतर बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान। ग्राम जगथर के ग्रामीणों और शाला परिवार ने कंपनी के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

# दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे रिपटा पुल पर निकले सरिया

## 8 करोड़ के नए पुल के इंतजार में राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं

हटा (स्वतंत्र मत)।

हटा बस स्टैंड से विश्रामगृह के बीच नाले पर बने पुराने रिपटा पुल की हालत बेहद खराब हो चुकी है। पुल की ऊपरी सतह से कई जगह सरिया बाहर निकल आए हैं जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। रिपटा की सतह पर डामर और सीमेंट लगभग गायब हो चुके हैं जिससे गिट्टी-पत्थर और लोहे के सरिये बाहर आ गए हैं। इनसे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को खासा खतरा बना हुआ है। बस स्टैंड की ओर से रिपटा होकर विश्राम गृह तक की सड़क भी लगभग गायब हो चुकी है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि बस स्टैंड में सीसी सड़क निर्माण के दौरान तत्कालीन सीएमओ राजेंद्र खरे और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक से मांग की गई थी कि कुछ राशि खर्च कर रिपटा मार्ग को भी दुरुस्त कर दिया जाए। उस समय सीएमओ ने जानकारी दी थी कि करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से यहां नया पुल प्रस्तावित है इसलिए फिलहाल मरम्मत कार्य नहीं कराया जा सकता। बाद में क्षेत्रीय विधायक उमादेवी खटीक ने भी रिपटा का निरीक्षण कर नया पुल बनने तक मार्ग को आवागमन लायक सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक नगर पालिका द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं कराया गया। यह मार्ग शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है। एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय, केंद्रीय विद्यालय, जनपद पंचायत, लोक सेवा केंद्र सहित कई महत्वपूर्ण दफ्तरों में जाने के लिए इसी रास्ते का सबसे ज्यादा उपयोग होता है। हटा को गढ़िया क्षेत्र से जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग होने के बावजूद नगर पालिका की अनदेखी से लोग परेशान हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक नया पुल नहीं बनता, तब तक कम से कम रिपटा की मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए ताकि रोजाना होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**आम इश्तहार**

(1) रा. प्र. क्र. 2336 / अ- 6 / 2025-26
(2) रा..प्र.क. 2457 / अ- 6 / 2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) श्री नवल किशोर पिता स्व. शंकर सिंह राठौर (2) श्री राजेश सिंह राठौर पिता स्व. शंकर सिंह राठौर दोनो निवासी अशोक नगर जी. सी.एफ. हाउसिंग कॉलोनी, महर्षि महेश योगी वार्ड द्वारा ग्राम आधारताल स्थित भूमि ख.न. 153 / 1 रकवा 2500 वर्गफुट ग्राम बैतला खसरा नं. 61/13 61/14 एवं 61/13 रकवा 2400, 1245 वर्गफुट में आवेदको के पिता शंकर सिंह राठौर पिता स्व. श्री मिठ्ठू लाल राठौर निवासी अशोक नगर जी.सी.एफ. हाउसिंग कॉलोनी, महर्षि महेश योगी वार्ड द्वारा जरिए रजिस्टर्ड वसीयतनामा पंजीकरण संख्या एम.पी. 182552019ए3113578 दिनांक 18.02.2019 के द्वारा वसीयत की गई अनुसार आवेदको श्री नवल किशोर राठौर, मनीष राठौर, राजेश सिंह राठौर के नामांतरण कराने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 13.3.26 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 6.3.26 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक 6/3/2026
पेशी दिनांक 13/3/2026

**नायब तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण एक नए मिशन में बदल गया है, जहां प्रदेश की हर महिला प्रगति के पथ पर एक स्वावलंबी भागीदार है





## मध्यप्रदेश के प्रगतिशील परिवर्तन की स्वावलंबी भागीदार नारी शक्ति




### सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण

- 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को हर माह ₹1500 की सहायता से सुनिश्चित हो रहा **आर्थिक स्वावलंबन**
- महिलाओं के नाम संपत्ति पर रजिस्ट्री शुल्क में 2% विशेष रियायत से मिला भूमि और संपत्ति पर अधिकार
- 62 लाख **महिलाएं स्व-सहायता** समूहों से जुड़कर हुईं आत्मनिर्भर
- **'लखपति दीदी योजना'** से 12 लाख+ महिलाओं की वार्षिक आय हुई ₹1 लाख से अधिक
- 89 लाख महिलाओं को **उज्ज्वला** गैस कनेक्शन और लाड़ली बहनों को **₹450 में सस्ते गैस सिलेंडर से मिली** रसोई में राहत
- 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान से कृषि में बढ़ रही भागीदारी

### शिक्षा एवं रोज़गार के अवसरों तक पहुंच

- जन्म से उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता दे रही **लाड़ली लक्ष्मी योजना**
- जन्मदर सुधार, शिक्षा प्रोत्साहन और बालिकाओं की सुरक्षा पर केंद्रित अभियान **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ**
- **एमएसएमई** इकाइयों में महिलाओं को प्रोत्साहन, 47% से अधिक एमएसएमई महिलाओं के नेतृत्व में संचालित
  - कौशल, परामर्श और आर्थिक सशक्तिकरण हेतु **हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन** एकीकृत केंद्र संचालित
  - कौशल और रोज़गार सहायता के लिए **'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम**



### प्रशासनिक-राजनीतिक भागीदारी

- शासकीय नौकरियों में **35% तक आरक्षण** से बढ़ी प्रशासनिक एवं निर्णयकारी पदों पर महिलाओं की मौजूदगी
- पंचायत एवं नगरीय निकायों में **50% तक आरक्षण से मिली लोकतंत्र** में ऐतिहासिक भागीदारी

### सुरक्षा ने बढ़ाया आत्मविश्वास

- **'वन स्टॉप सेंटर'** से हिंसा पीड़िता को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य और कानूनी परामर्श, हर जिले में सुरक्षित एवं त्वरित सहायता
- थानों में विशेष **महिला हेल्प डेस्क**
- संकट की स्थिति में डायल **181/1098** या **112** पर तुरंत सहायता
- छात्राओं एवं कार्यरत महिलाओं के लिए **सुरक्षित और किफायती छात्रावास**

### स्वास्थ्य की बेहतरी

- **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** से गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण सहायता
- **जननी सुरक्षा योजना** से ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों की गर्भवती महिलाओं को सीधी सहायता
- गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए पोषण तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा हेतु **आंगनवाड़ी सेवाएं**
- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में जागरुकता हेतु **सुमन सखी चैटबॉट** की शुरुआत



डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11217/25 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026